Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 09 | गुरुवार, 09 जनवरी -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## सार संक्षेप

### लॉस एंजिलिस के जंगलों में भीषण आग, हॉलीवुड सितारों समेत हजारों लोग घर छोड़कर भागे



**लास एंजेलिस।** अमेरिका में कैलिफोर्निया का लॉस एंजिलिस क्षेत्र मंगलवार को तेज हवाओं की वजह से फैली पूरी तरह बेकाबू जंगल की आग से जूझता रहा। कुछ स्थानों पर हवाओं की रफ्तार 97 किलोमीटर प्रति घंटा होने की वजह से आग की लपटें तेजी से फैलीं। दो लोगों की मौत हो गई और कई घायल हो गए। आग से एक हजार से अधिक घर नष्ट हो गए।

हॉलीवुड सितारों समेत हजारों लोगों को सुरक्षित स्थानों के लिए भागना पड़ा। चिंगारियां गिरने से हड़बड़ी में लोगों ने अपने वाहन छोड़ दिए, लोग पैदल भागते नजर आए और सड़कों पर जाम लग गया। बुधवार को लास एंजेलिस काउंटी में लगभग 1,88,000 घरों बिजली गुल रही। हवा की रफ्तार भी बढ़कर 129 किलोमीटर प्रति घंटा हो गई। लॉस एंजिलिस के अग्निशमन प्रमुख क्रिस्टन क्रोले ने कहा कि हम अभी खतरे से कतई बाहर नहीं हैं। हजारों अग्निशमन कर्मचारी आग पर काबू पाने में जुटे हुए थे। मंगलवार शाम लास एंजिलिस के उत्तर-पूर्व में स्थित एक प्रकृति संरक्षण क्षेत्र के पास आग लगी और जल्द ही 2,000 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैल गई।

लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि वरिष्ठ नागरिकों के एक निवास केंद्र के कर्मचारियों को दर्जनों बुजुर्गों को व्हीलचेयर और अस्पताल के बेड्स के जरिये सड़क पर एक पार्किंग स्थल तक ले जाना पड़ा।

### दमोह में खेत में बनी झोपड़ी में लगी आग, तीन मासूम बच्चियां झुलसीं, दो की मौत और एक गंभीर



**दमोह।** मध्यप्रदेश के दमोह जिले के मगरोन थाना क्षेत्र के बरोदा गांव में खेत में बनी एक झोपड़ी में बुधवार शाम अचानक आग लग गई। जिससे कुछ ही देर में पूरी झोपड़ी आग में घिर गई और अंदर मौजूद तीन मासूम बच्चियां बुरी तरह झुलस गईं।

आग उठते देख स्थानीय लोगों ने आग बुझाई और परिजनों को सूचित किया। बच्चियों को इलाज के लिए हटा सिविल अस्पताल लाया गया वहां से जिला अस्पताल रेफर किया गया। जहां दो की मौत हो गई है और एक की हालत गंभीर होने पर जबलपुर रेफर किया गया। मासूम बच्चियों के पिता गोविंद आदिवासी ने बताया कि वह सागर जिले के बंडा तहसील के तारौली गांव का रहने वाला है। इस साल हटा ब्लॉक के बरोदा गांव में खेती की सिंचाई का ठेका लेकर अपने परिवार के साथ रह रहा था। शाम के समय वह खेत में प्याज की छिलाई कर रहा था। आगे बताया कि मेरी पत्नी और तीनों बेटियां झोपड़ी में मौजूद थी। कुछ देर बाद मेरी पत्नी मेरे पास आ गई तभी अज्ञात कारणों से झोपड़ी में आग लग गई। जब हमने पलट कर पीछे देखा तो झोपड़ी आग से घिरी थी। वह और आसपास के कई लोग आग बुझाने के लिए झोपड़ी की तरफ भागे, लेकिन झोपड़ी की आग बहुत तेज हो गई और मेरी तीनों बेटियां आग में झुलस गई। जैसे तैसे झोपड़ी की आग बुझाने के बाद बच्चों को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल लेकर आ गए। जिला अस्पताल के सर्जन डॉ उमेश तंतुवाय ने बताया कि तीन बच्चियां झुलसी हुई अस्पताल पहुंची थी, जिनमें से जाह्नवी 5, कीर्ति 3 की मौत हो गई है। 5 माह की हीर जिसकी हालत काफी नाजुक है उसे जबलपुर रेफर किया जा रहा है। सूचना मिलते ही दमोह एसडीएम आर एल बागरी भी अस्पताल पहुंचे और मामले की जानकारी ली।

# तिरुपति मंदिर में भगदड़ छह की मौत और 40 घायल

**हैदराबाद।**



आंध्र प्रदेश के प्रसिद्ध तिरूपति मंदिर में बुधवार को भगदड़ मचने से अब तक छह लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। यह घटना तिरुमाला में भगवान वेंकटेश्वर मंदिर के वैकुंठ द्वार दर्शन के लिए टोकन वितरण के दौरान हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना तिरुपति विष्णु निवासम में हुई जहां टोकन बांटे जा रहे थे। मृतकों में तीन महिलाएं और एक पुरुष शामिल हैं।


एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुधवार रात तिरुमाला हिल्स पर भगदड़ में तीन महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। इस बीच, कुछ महिला श्रद्धालुओं और घायल व्यक्तियों को एंबुलेंस में ले जाते हुए पुलिस द्वारा सीपीआर दिए जाने के वीडियो वायरल हो गए। तेलंगाना टुडे की रिपोर्ट के अनुसार, मृतकों में से एक की पहचान मल्लिका के रूप में हुई है, जो कथित तौर पर तमिलनाडु की रहने वाली है। इस बीच, घायल लोगों को इलाज के लिए तिरूपति रूया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 10 जनवरी से शुरू होने वाले 10 दिवसीय वैकुंठ द्वार दर्शनम के लिए देश भर से सैकड़ों भक्त आए। पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के तिरूपति में भगदड़ से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है। लोकसभा नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि तिरूपति में हुई दुखद भगदड़ अत्यंत दुखद है। शोक संतप्त परिवारों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। मैं कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं से इस कठिन समय में हर संभव सहायता प्रदान करने का आग्रह करता हूं। सीएम ऑफिस ने अपने बयान में कहा कि मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने घटना में घायलों को दिए जा रहे उपचार के बारे में अधिकारियों से फोन पर बात की।

### पीएम मोदी ने जताया दुख



पीएम मोदी ने कहा कि आंध्र प्रदेश के तिरूपति में भगदड़ से आहत हूं। मेरी संवेदनाएं उन लोगों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। मैं प्रार्थना करता हूं कि घायल जल्द ठीक हो जाएं। आंध्र प्रदेश सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान कर रही है।

### सीएम चंद्रबाबू नायडू ने जताया दुख



आंध्र प्रदेश सीएमओ ने अपने बयान में कहा कि आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने तिरुमाला श्रीवारी वैकुंठ द्वार में दर्शन टोकन के लिए तिरुपति में विष्णु निवासम के पास हुई भगदड़ में 4 श्रद्धालुओं की मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

### सीएम योगी ने किया एलान

# वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाने वालों से एक-एक इंच लेंगे वापस



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि वक्फ बोर्ड के नाम पर जमीन कब्जा करने वालों से एक-एक इंच जमीन वापस ली जाएगी। यह समझना मुश्किल है कि वक्फ बोर्ड है या भू-माफिया का बोर्ड। हमारी सरकार ने वक्फ अधिनियम में संशोधन किया है और एक-एक इंच जमीन की जांच करा रही है, जिन लोगों ने वक्फ के नाम पर जमीन कब्जाई है, उनसे जमीन वापस ली जाएगी और गरीबों के लिए आवास, शिक्षण संस्थान और अस्पताल बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने बुधवार को एक न्यूज चैनल के कार्यक्रम में कहा कि कुंभ की परंपरा वक्फ से कहीं अधिक पुरानी है। सनातन धर्म की ऊंचाई आकाश से भी ऊंची और समुद्र से भी गहरी है। इसकी तुलना किसी मत या मजहब से नहीं की जा सकती है। उन्होंने सपा और उसके नेताओं पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि डॉ. राम मनोहर लोहिया ने कहा था कि अगर भारत को समझना है तो राम, कृष्ण और शिव की परंपरा को पढ़ो। मुख्यमंत्री ने कहा कि जो नेता लोहिया के नाम पर राजनीति करते हैं, उन्होंने इनकी बातों को कभी नहीं समझा। हमने अयोध्या को विकास और विरासत का केंद्र बनाया।

> कुंभ की परंपरा वक्फ से कहीं अधिक पुरानी

## '2020 में भी चुनाव लड़ना नहीं चाहते थे बाइडन'



**नई दिल्ली।** साक्षात्कार के दौरान 82 वर्षीय जो बाइडन ने बताया कि 2020 में उनका राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन जब डोनाल्ड ट्रंप ने फिर से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया, तो उन्होंने महसूस किया कि यह उन्हें हराने का सबसे अच्छा मौका है।

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने पद छोड़ने से पहले अपनी फिटनेस पर संदेह जताया। उन्होंने कहा कि उन्हें नहीं पता था कि वह चार साल और सेवा कर भी पाएंगे या नहीं। हालांकि, उन्होंने यह भी दावा किया कि अगर वह इस बार चुनाव लड़ते तो वह जीत सकते थे। अपने कार्यकाल के अंतिम दिनों में उन्होंने यह भी खुलासा किया कि वह 2020 में भी चुनाव नहीं लड़ना चाहते थे। जो बाइडन ने बुधवार को व्हाइट हाउस में एक अमेरिकी अखबार को साक्षात्कार के दौरान ये बातें कहीं। इस दौरान उनसे पूछा गया कि क्या उनमें चार साल और सेवा करने की शक्ति है, तो बाइडन ने जवाब दिया, 'मुझे नहीं पता।'

## 'दवाओं का क्लिनिकल ट्रायल अक्सर गरीब देशों में किया जाता है', सुप्रीम कोर्ट याचिका पर करेगा सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि दवाओं और टीकों का क्लिनिकल ट्रायल अक्सर गरीब देशों में किया जाता है। इस मुद्दे पर केंद्र की ओर से बनाए गए नियमों के खिलाफ अपनी आपत्तियां दर्ज कराने एवं दलीलें पेश करने के लिए बुधवार एक याचिकाकर्ता को अनुमति दे दी।

जस्टिस ऋषिकेश राय और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश अतिरिक्त सालिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे की दलीलों पर विचार किया, जिन्होंने कहा कि नई दवाओं और क्लिनिकल ट्रायल के लिए नियम 2019 में बनाए गए थे। दवे ने कहा कि नियमों का पालन करते हुए भारत में क्लिनिकल ट्रायल और नई दवाओं के लिए अनुमोदन प्रक्रिया को कारगर बनाने के लिए 2024 में नई औषधि और क्लिनिकल ट्रायल (संशोधन) नियम अधिसूचित किए गए थे, जिनका मकसद मरीजों से जुड़े सुरक्षा प्रोटोकॉल में सुधार लाना और वैश्विक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करना था। एनजीओ स्वास्थ्य अधिकार मंच की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता संजय पारिख ने कहा कि गरीब नागरिकों को अब भी गिनी पिग के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है और उन्हें पर्याप्त मुआवजा नहीं दिया जा रहा है।

## कोहरे-शीतलहर की चपेट में उत्तर भारत, दिल्ली-यूपी में नहीं मिलेगी राहत

**नई दिल्ली।**



कोहरे और शीतलहर की चपेट में चल रहे उत्तर भारत में बुधवार को ठंड का प्रकोप और बढ़ गया। कश्मीर घाटी में रात का तापमान अधिकांश इलाकों में शून्य से नीचे रहा। राजस्थान और हिमाचल प्रदेश के कुछ इलाकों में यह जमाव बिंदु के करीब पहुंच गया है।

मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में कुछ जगहों पर तापमान और गिर सकता है। हालांकि, राजधानी दिल्ली में दोपहर में धूप खिलने से लोगों ने थोड़ी राहत महसूस की। पश्चिमी विक्षोभ के कारण उत्तर-पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों में सप्ताह के अंत में बारिश और बर्फबारी की संभावना जताई गई है। उत्तर-पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में लगभग 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आने और उसके बाद धीरे-धीरे 2-4 डिग्री की वृद्धि होने की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, राजस्थान के सीकर जिले के फतेहपुर में रात का तापमान 1.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे कम है। जयपुर में रात का तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

पंजाब और हरियाणा में कई स्थानों पर घना कोहरा देखा गया, अमृतसर में दृश्यता शून्य हो गई। दोनों राज्यों की साझा राजधानी चंडीगढ़ में दृश्यता 80 मीटर तक कम हो गई। हरियाणा के करनाल और अंबाला में भी कोहरा देखा गया।

### यूपी में इटावा और आगरा सबसे ठंडे रहे

उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में ठंड और घने कोहरे से जनजीवन प्रभावित है। बुधवार को इटावा और आगरा सबसे ठंडे रहे। यहां का न्यूनतम तापमान 5.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। गुरुवार और शुक्रवार को मौसम शुष्क रहेगा, लेकिन पूर्वी और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में भीषण ठंड और घने कोहरे स्थिति रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, शनिवार और रविवार को कुछ इलाकों में हल्की बारिश की आशंका है। सुबह और शाम के समय मध्यम कोहरे का असर देखने को मिल सकता है।

## पीएम मोदी ने आंध्र को दी 2 लाख करोड़ की सौगात

**अमरावती।**

पीएम मोदी ने आज आंध्र प्रदेश में दो लाख करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं की आधारशिला रखी और उद्घाटन किया।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू और उपमुख्यमंत्री भी मौजूद रहे। इससे पहले पीएम मोदी ने विशाखापत्तनम में रोड शो किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। आंध्र प्रदेश को 2047 तक करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र एट 2047 की पहल की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार भी आंध्र प्रदेश के हर लक्ष्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है।



## संपादक की कलम से

### आधी-अधूरी शिक्षा

विकास और प्रगति के तमाम दावों के बीच यदि देश के करीब आधे स्कूल कंप्यूटर और इंटरनेट की सुविधा से वंचित हों, स्कूल बढ़ रहे हों और दाखिले कम हो रहे हों, साथ ही विद्यार्थियों का बीच में पढ़ाई छोड़ने का आंकड़ा बढ़ रहा हो, तो इसे एक बड़ी चुनौती माना जाना चाहिए। निस्संदेह, आर्थिक विकास हमारी प्राथमिकता होता है, लेकिन यदि बुनियादी शिक्षा तमाम विसंगतियों से जूझ रही हो तो विकास की सार्थकता पर सवाल उठेंगे। सवाल खासकर वंचित समाज के बच्चों का है, जिनका बड़ा संघर्ष जीवन–यापन की प्राथमिकताओं से जुड़ा है। स्वतंत्र भारत में शैक्षिक सुधार के जो प्रयास हुए,उनका लाभ वंचित समाज को काफी अधिक हुआ है। दरअसल, सरकारी स्कूल समाज के कमजोर वर्ग की आशा के केंद्र रहे हैं। यदि आज इन समाजों के बच्चे ही शिक्षा से दूर हो रहे हैं, तो तंत्र की जवाबदेही तय होनी चाहिए। आज भी लाखों बच्चे शिक्षा पाने से वंचित हैं। हाल ही में केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली की रिपोर्ट में जो आंकड़े सामने आए हैं, वे खासे चौंकाने वाले हैं। समीक्ष्य वर्ष 2023–24 की रिपोर्ट बताती है कि इससे पहले साल के मुकाबले स्कूल में दाखिलों में 37.5 लाख की कमी आई है। जहां वर्ष 2022–23 में स्कूलों में 25.17 करोड़ विद्यार्थी दर्ज थे, वहीं 2023–24 में यह संख्या घटकर 24.80 करोड़ हो गई है। यह आंकड़ा प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और उच्चतर माध्यमिक स्कूल स्तर का है। वहीं समीक्ष्य अवधि में बीच में पढ़ाई छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में भी वृद्धि हुई है। जिनमें छात्राएं, वंचित व कमजोर वर्ग के बच्चे अधिक हैं। ऐसे में मंथन की जरूरत है कि शिक्षा को बढ़ावा देने के तमाम प्रयासों, नई शिक्षा नीति लागू होने, अधिक स्कूल खुलने के बावजूद छात्रों के दाखिले में कमी क्यों आ रही है। सरकार की घोषणाओं और जमीनी हकीकत के अंतर को संबोधित करने की जरूरत है। ताकि नये दाखिलों को प्रोत्साहन मिले और छात्र भी बीच में स्कूल न छोड़ें। दरअसल, जरूरत इस बात की भी कि जहां एक ओर स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बनी रहे, वहीं स्कूलों में दाखिले को लेकर छात्रों का आकर्षण भी बना रहना चाहिए। साथ ही शिक्षा को व्यावहारिक बनाने और समय के साथ कदमताल करने की जरूरत है। वहीं दूसरी शिक्षा मंत्रालय के प्लेटफॉर्म, यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इन्फॉर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन की रिपोर्ट के यह तथ्य चिंता बढ़ाने वाले हैं कि अभी तक कुल 57 फीसदी स्कूलों में ही कंप्यूटर की सुविधा मौजूद है। वहीं दूसरी ओर 53 फीसदी स्कूलों में ही इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध है।



ललित शर्मा
संपादक

## टीकेश्वर सिन्हा



### इनके ही तरह

कविता

भौंरे की गूँज से,
जैसे फूल मुस्कुराता है।
आम के बगीचे में,
जैसे कोयल गीत सुनाता है।
बस इनके ही तरह,
करनी है हमें बातें तमाम
मीठा बोल कर।

पूरब में निस दिन,
जैसे सूरज उगता है।
हर जगह निस दिन,
जैसे पवन चलता है।
बस इनके ही तरह,
बितानी है हमें सुबह–शाम
व्यस्त रह कर।

तूफान के चलने पर भी,
जैसे परवत अड़ा रहता है।
पानी के बरसने पर भी,
जैसे पत्थर पड़ा रहता है।
बस इनके ही तरह,
थामनी है हमें लगाम
शांत रह कर।

# मिल्कीपुर सीट पर योगी और अखिलेश की सियासी टक्कर, दोनों के लिए प्रतिष्ठा का सवाल




चुनाव आयोग ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के साथ उत्तर प्रदेश की मिल्कीपुर विधानसभा उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया है। यह उपचुनाव 5 फरवरी 2025 को आयोजित होगा, जबकि मतगणना 8 फरवरी 2025 को होगी। इस चुनाव को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'मिशन मिल्कीपुर' के तहत पूरी ताकत झोंक दी है, क्योंकि यह सीट उनके लिए विशेष महत्व रखती है। अयोध्या में लोकसभा चुनाव 2024 में मिली हार के बाद, योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव को अपनी प्रतिष्ठा से जोड़ते हुए सपा के खिलाफ अपने राजनीतिक प्रभाव को मजबूत करने की रणनीति तैयार की है।

मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही, खेल मंत्री गिरीशचंद्र यादव, स्वास्थ्य राज्यमंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह, आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, सतीश चंद्र शर्मा, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह और जेपीएस राठौर शामिल हैं। ये सभी मंत्री बूथ स्तर पर बैठकें कर वोट बैंक को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। योगी आदित्यनाथ ने इस उपचुनाव में किसी भी प्रकार की चूक से बचने के लिए पूरी रणनीति तैयार की है। वह किसी भी कीमत पर यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि उनकी पार्टी इस सीट पर जीत दर्ज करे।

मिल्कीपुर की यह सीट योगी के लिए न केवल एक चुनावी चुनौती है, बल्कि एक प्रतिष्ठा का सवाल भी बन चुकी है। इस सीट को लेकर उनकी चिंता इस हद तक बढ़ गई है कि उन्होंने महाकुंभ की तैयारियों के बावजूद मिल्कीपुर का पांचवीं बार दौरा किया है। इस दौरान सीएम योगी ने प्रभारी मंत्रियों और संगठन पदाधिकारियों को बूथ मजबूत करने और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक लाने का संदेश दिया। योगी की यह सक्रियता इस बात का संकेत है कि वह इस उपचुनाव को लेकर कितने गंभीर हैं और उनकी सरकार इसे अपनी प्रतिष्ठा से जोड़कर देख रही है।

> मिल्कीपुर सीट पर वोटिंग की तारीख के ऐलान के साथ ही, यूपी सरकार ने इस उपचुनाव के लिए अपनी पूरी मंत्रिमंडल टीम को सक्रिय कर दिया है। सात प्रमुख मंत्रियों को मिल्कीपुर के विभिन्न वर्गों को साधने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

समाजवादी पार्टी के लिए भी यह उपचुनाव प्रतिष्ठा का सवाल बन गया है। मिल्कीपुर सीट समाजवादी पार्टी का गढ़ रही है, और इस सीट पर भाजपा के खिलाफ सपा ने अपनी राजनीतिक ताकत को स्थापित किया है। सपा के लिए यह चुनौती इसलिए और भी कठिन हो जाती है, क्योंकि 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी की 80 सीटों में से 37 सीटों पर सपा ने जीत दर्ज की थी। हालांकि, नवंबर 2024 में हुए उपचुनाव में सपा को निराशा हाथ लगी थी, जहां पार्टी केवल 2 सीटों पर ही जीत हासिल कर सकी थी। ऐसे में मिल्कीपुर सीट पर होने वाले उपचुनाव में सपा अपने प्रतिष्ठा की लड़ाई लड़ रही है।

मिल्कीपुर सीट छह महीने से रिक्त पड़ी है, क्योंकि सपा के विधायक अवधेश प्रसाद ने 13 जून, 2024 को इस्तीफा दे दिया था। 12 दिसंबर को उनके इस्तीफे को छह महीने पूरे हो गए थे, जिसके बाद चुनाव आयोग ने उपचुनाव की तारीख का ऐलान किया है। इससे पहले, चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र और झारखंड में चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था, लेकिन मिल्कीपुर सीट का मामला अदालत में विचाराधीन था, जिसके कारण इस सीट पर उपचुनाव की तारीख नहीं घोषित हो पाई थी।

मिल्कीपुर के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ ने 2022 में इस सीट से सपा के विधायक अवधेश प्रसाद के चुनाव को उनके नामांकन पत्रों में विसंगतियों का हवाला देते हुए चुनौती दी थी। हालांकि, चुनाव याचिका को वापस लेने के बाद यह मामला अब तक लंबित था। अब चुनाव आयोग ने इस सीट पर उपचुनाव की तारीख तय कर दी है, और राजनीतिक दलों के लिए यह लड़ाई और भी रोमांचक होने वाली है। –**अजय कुमार**

# मिशन 2025 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है



गोंदिया

वैश्विक स्तरपर आज भारत के नाम प्रतिष्ठा होल्ड और वर्चस्वता का आधार बढ़ता ही जा रहा है, जिसके दम पर भारत को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर एक मुख्य पक्ष माना जाता है जो हम बड़े-बड़े देशों के राष्ट्राध्यक्ष के भारत के साथ बॉडी लैंग्वेज से समझ मेंआता है और हम प्रोत्साहित होकर विजन 2047, विजन नए भारत, विजन 5 ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं परंतु जिस तरह हमने हाल के कुछ दिनों में बंगाल के मंत्री, जबलपुर के आरटीओ, एमपी के चपरासी के यहां करोड़ों रुपए, एमपी में पोषण घोटाला सहित अनेकों भ्रष्टाचार के तथाकथित मामले मीडिया के माध्यम से हमने पढ़े और देखें और ऐसे अनेक मामलों की रिसर्च करेंगे तो हमें पता चलेगा कि इस तरह के भ्रष्टाचार जारी रहे तो हम उपरोक्त विजनस को पूर्ण नहीं कर पाएंगे? इसलिए अब जरूरी हो गया है कि भारत को भ्रष्टाचार के खिलाफ एक निर्णायक कालखंड में कदम रखना अनिवार्य है। अब सीबीआई ईडी के साथ अन्य एजेंसियों को आय से अधिक संपत्ति रखने वालों का तेजी से पता लगाना होगा। सेवा क्षेत्र के हर चपरासी से लेकर बाबू और बड़े अधिकारियों तक की आर्थिक स्थिति की जांच तेजी से करनी होगी क्योंकि सरकारी क्षेत्र के लोगों के पास ही भ्रष्टाचार का कुबेर खजाना होगा तो अन्य निजी लोगों की बात ही क्या? हालांकि लाल किले से माननीय पीएम ने भी भ्रष्टाचार के खिलाफ हुंकार भरी थी और अब मिशन 2024 को भी अबकी बार भ्रष्टाचार पर वार का निर्णायक कालखंड बनाने की तैयारी है, इसलिए आज हम इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में उपलब्ध जानकारी के अनुसार इस आर्टिकल के माध्यम से भ्रष्टाचार पर चर्चा करेंगे।

साथियों बात अगर हम भ्रष्टाचार की करें तो, हमारे देश के लिए यह बड़ी ही दुर्भाग्यपूर्ण विडंबना है कि युधिष्टिर, हरिश्चंद्र जैसे धर्मनिष्ठ शासकों व साधु-संतों की इस पावन धरती पर आज भ्रष्टाचार का विष फैला हुआ है। छोटे से छोटे कर्मचारियों से लेकर देश की सत्ता पर बैठे हमारे शीर्षस्थ भी आज भ्रष्टाचार में लिप्त होने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता । भ्रष्टाचार हमारी राष्ट्रीय समस्या है ।ऐसे व्यक्ति जो अपने कर्तव्यों की अवहेलना कर निजी स्वार्थ में लिप्त रहते हैं भ्रष्टाचारीह्व कहलाते हैं। आज हमारे देश में भ्रष्टाचार की जड़ें बहुत गहरे तक समाहित हैं।

साथियों मनुष्य कितना भी कुछ हासिल कर ले परंतु उसकी और अधिक प्राप्त कर लेने की

लालसा कभी समाप्त नहीं होती है।किसी वस्तु की आकांक्षा रखने पर यदि उसे वह वस्तु सहज रूप से प्राप्त नहीं होती है तब वह येन-केन प्रकारेण उसे हासिल करने के लिए उद् ?यत हो जाता है। इस प्रकार की परिस्थितियाँ भ्रष्टाचार को जन्म देती हैं। किसी उच्च पद पर आसीन अधिकारी प्रायः गुणवत्ता की अनदेखी कर अपने समाज, परिवार अथवा संप्रदाय के लोगों को प्राथमिकता देता है तो उसका यह कृत्य भ्रष्टाचार का ही रूप है। भ्रष्टाचार में लिप्त व्यक्ति सदैव न्याय की अनदेखी करता है।

साथियों बात अगर आम भ्रष्टाचार की चुनौतियां और प्रारूप की करें तो, देश के सामने दो बड़ी चुनौतियां-पहली चुनौती - भ्रष्टाचार दूसरी चुनौती - भाई-भतीजावाद,परिवारवाद ।भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है, उससे देश को लड़ना ही होगा। देश की कोशिश है कि जिन्होंने देश को लूटा है, उनको लौटाना भी पड़े देश इसकी कोशिश कर रहे हैं। देश में चारों ओर व्याप्त सांप्रदायिकता, भाषावाद, भाई-भतीजावाद, जातीयता आदि से पूरित वातावरण भ्रष्टाचार के प्रेरणा स्त्रोत हैं। भ्रष्टाचार के कारण ही कार्यालयों, दफ्तरों व अन्य कार्यक्षेत्रों में चोरबाजारी, रिश्वतखोरी आदि अनैतिक कृत्य पनपते हैं। दुकानों में मिलावटी सामान बेचना, धर्म का सहारा लेकर लोगों को पथभ्रमित करना तथा अपना स्वार्थ सिद् ?ध करना, दोषी व अपराधी तत्वों को रिश्वत लेकर मुक्त कर देना अथवा रिश्वत के आधार पर विभागों में भरती होना आदि सभी भ्रष्टाचार के प्रारुप हैं।

साथियों बात अगर हम कुछ दिनों पूर्व महालेखाकार रिपोर्ट में खुलासा हुए एक घोटाले और आरटीओ के यहां रेड की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार 2018 से 2021 के बीच करीब 1.35 करोड़ महिलाओं को 2393 करोड़ का 4.05 मीट्रिक टेक होम राशन वितरित किया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि टेक होम राशन बड़ी मात्रा में सिर्फ कागजों में बांट दिया गया। साथ ही करीब 58 करोड़ का नकली पोषण आहार का उत्पादन किया गया ।रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि राशन बनाने वाली 6 फर्मों से परिवहन के नाम बाइक, कार, ऑटो और टैंकर के नंबरों को ट्रक बताकर करीब 6.94 करोड़ का 1125.64 मीट्रिक टन राशन के परिवहन होना बताया गया है। ऑडिट रिपोर्ट में उत्पादन और वितरण में घोटाला होना बताया जा रहा है। जबलपुर में ईओडब्लयू यानी इकॉनमिक ऑफेंस विंग ने एक आरटीओ अधिकारी के घर छापा मार आय से अधिक संपत्ति का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि आरटीओ अधिकारी की संपत्ति उनकी आय से 650 गुना ज्यादा है। छापामारी में उनके 6 आलीशान मकानों का पता चला है। उनके पास एक डेढ़ एकड़ में फैला फार्म हाउस भी है।

# दिल्ली के चुनाव आप के लिये परीक्षा की घड़ी



**ललित गर्ग**

देश का दिल कहे जाने वाली राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव-2025 का बिगुल बज चुका है, कड़कड़ाती सर्दी में भारतीय जनता पार्टी, आम आदमी पार्टी एवं कांग्रेस के बीच राजनीतिक दंगल के आगाज के साथ राजनीतिक पारा भी चढ़ने लगा है। उम्मीद की जा रही है कि ठण्ड का पारा गिरने-चढ़ने का रिकॉर्ड बनाने वाली दिल्ली इस बार मतदान का नया रिकॉर्ड बनाने के साथ राजनीति उठापटक का भी नया इतिहास बनायेगी। दिल्ली में चुनावों के ऐलान के साथ ही आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो चुका है।एक दूसरे की कलई खोलने की कोशिशें हो रही हैं। ह्यआपदिल्ली में हैट्रिक लगाने की तैयारी में है, तो भाजपा सत्ता विरोधी लहर, शीश महल, भ्रष्टाचार के आरोप को आधार बनाकर उसे रोकना चाहती है। कांग्रेस अपनी खोयी जमीन को पाने की जद्दोजहद में जुटी है। सबसे दिलचस्प एवं रोमांचक इस चुनाव में देखना है दिल्ली की जनता किसके सर पर ताज पहनाती है?

चुनाव की घोषणा से पहले ही तीनों राजनीतिक दल आम मतदाता को लुभाने के लिये तरह-तरह की घोषणाएं करते हुए जनता से मुखातिब हो रहे हैं, जनता के बीच जा रहे हैं, सभाएं कर रहे हैं, यात्रा निकाल रहे हैं। ह्यआपतमाम तरह की संकट एवं संघर्षपूर्ण स्थितियों के बावजूद मजबूती बनाये हुए है, क्योंकि आप-सरकार की योजनाएं और कार्यक्रम, जैसेकि सरकारी स्कूलों का कायाकल्प, मोहल्ला क्लीनिक और मुफ्त बिजली, साथ ही महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा और वरिष्ठ नागरिकों को फ्री में तीर्थ यात्रा कराना उसकी ताकत बनी हुई है। नयी घोषणाओं के साथ वह अपनी इस ताकत को बढ़ाते हुए ह्यआपने




महिलाओं को 2100 रुपये हर महीने देने, बुजर्गों को फ्री इलाज, ऑटो चालकों को 10 लाख का बीमा देने, पंडितों एवं ग्रंथियों को 18 हजार प्रतिमाह जैसी कई योजनाओं का ऐलान किया है, जो पूरे चुनाव का रुख मोड़ सकती हैं। ह्यरेवड़ी पर चर्चाजैसी मुहिम से ह्यआपहर वोटर के घर तक पहुंच रही है। पब्लिक को बार-बार याद दिला रही है कि उनकी सरकार ने क्या-क्या काम किए हैं। लेकिन ह्यआपके खिलाफ सरकार में 10 साल रहने की वजह से सत्ता विरोधी लहर काफी बढ़ गई है। कई वोटर बदलाव की जरूरत महसूस करते हैं। दिल्ली का विकास अवरुद्ध है, वायु प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है, यमुना प्रदूषित हो चुकी है, जनता को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल रहा है, सड़के गड्डों में तब्दील हो चुकी है। अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया समेत पार्टी के सभी प्रमुख नेताओं की भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई है। ह्यशीश महलविवाद ने अरविंद केजरीवाल की छवि को नुकसान पहुंचाया है। इससे पार्टी की साफ सुथरी छवि धूमिल हुई है। इसके अलावा मतभेद की वजह से कई नेता छोड़ गए, इससे केजरीवाल की जीत की संभावनाओं पर असर पड़ सकता है। लगता है कि ह्यआपकी उलटी गिनती तो शुरू हो गयी है, देखना है वह कहां जाकर रूकती है।

दिल्ली में जीत के नये कीर्तिमान गढ़ने वाली नई नवेली ह्यआपने साल 2013 में अपने पहले चुनाव में 70 में से 28 सीटें जीतकर सबको चौंका दिया था। उस समय भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी लेकिन ह्यआपने कांग्रेस से मिलकर सरकार बनाई। लेकिन यह सरकार सिर्फ.49 दिनों तक चल पाई। अरविंद केजरीवाल ने फरवरी 2014 में ये कहते हुए इस्तीफा दे दिया कि दिल्ली विधानसभा में संख्या बल की कमी की वजह से वो जन लोकपाल बिल पास कराने में नाकाम रहे हैं, इसलिए फिर से चुनाव बाद पूर्ण जनादेश के साथ लौटेंगे। 2015 में जब चुनाव हुआ तो दिल्ली की राजनीति में इतिहास रचते हुए ह्यआपने 70 में से 67 सीटें जीत लीं। वर्ष 2020 में भी आप ने जीत का कीर्तिमान बनाते हुए 62 सीटें जीती। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बार का चुनाव काफी रोचक होने वाला है लेकिन यह ह्यआपके लिये चुनौतीपूर्ण होने के साथ संकटपूर्ण है। जिस भ्रष्टाचार के मुद्दे पर अन्ना आंदोलन के बीच से आम आदमी पार्टी का जन्म हुआ, इसी मुद्दे पर भाजपा केजरीवाल को घेरने की पुरजोर कोशिश कर रही है। आप को भाजपा ही नहीं, कांग्रेस से भी बड़ा खतरा है। भाजपा ने अभी अपने पूरे उम्मीदवारों की सूची भी जारी नहीं की है लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के लिए पार्टी ने अपने स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उतार दिया है और उन्होंने अपनी पहली ही चुनावी सभा में आम आदमी पार्टी पर आक्रामक हमला बोलते हुए उसे दिल्ली के लिये ह्यआप-दायानी बड़ा संकट कह दिया है। आप के नेताओं पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप, एलजी ऑफिस के साथ टकराव और कई अन्य फैसले ह्यआपकी विश्वसनीयता एवं सुदृढ़ता को नुकसान पहुंचा रहे हैं।

दिल्ली विधानसभा का चुनाव इसलिए ज्यादा ही महत्वपूर्ण है कि इसका असर राष्ट्रव्यापी होता है। दिल्ली सरकर की सांविधानिक शक्तियां भले ही सीमित हों, मगर राष्ट्रीय मीडिया के केंद्र में होने के नाते इसके नेताओं को तुरंत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पहचान बन जाती है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# प्रयागराज महाकुंभ में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें श्रद्धालु

वेलकम इंडिया



**वृन्दावन।** बिहारी पुरा क्षेत्र स्थित ठा. श्रीराधा सनेह बिहारी मंदिर में अखिल भारत वर्षीय ब्राह्मण महासभा की एक विशेष बैठक आयोजित की गई।जिसमें महासभा के सभी प्रमुख पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।बैठक में 13 जनवरी 2025 से 26 फरवरी 2025 तक प्रयागराज महाकुंभ में महासभा द्वारा आयोजित होने वाले भव्य शिविर की तैयारियों पर चर्चा की गई।

महासभा के नगर अध्यक्ष आचार्य करन कृष्ण गोस्वामी ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में लगने वाले इस शिविर का उद्देश्य श्रद्धालुओं और संत समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन और सेवा प्रदान करना है।शिविर में आने वाले भक्तों को संगम में स्नान के बाद धर्म और भक्ति के विभिन्न आयामों का अनुभव करने का अवसर मिलेगा।

महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आचार्य रामविलास चतुर्वेदी ने कहा कि महाकुंभ में शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं और साधु-संतों के लिए निःशुल्क भोजन की व्यवस्था की जाएगी।इसके साथ ही एक प्रवचन पंडाल स्थापित किया जाएगा, जिसमें विद्वान आचार्य और संत समाज द्वारा सत्संग और प्रवचन आयोजित होंगे।शिविर में प्रतिदिन यज्ञ और हवन किए जाएंगे।जिनका उद्देश्य राष्ट्रीय उत्थान, जनकल्याण, शत्रु विनाश, और कर्ज मुक्ति जैसे आध्यात्मिक और सामाजिक उद्देश्यों को पूर्ण करना है।

ब्रज प्रांत अध्यक्ष पंडित बिहारी लाल वशिष्ठ ने कहा कि महाकुंभ केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं है बल्कि यह भारत की प्राचीन सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपरा का प्रतीक है।संपूर्ण देश और विश्व के कोने-कोने से श्रद्धालु प्रयागराज महाकुंभ में एकत्र होते हैं। गंगा, यमुना और सरस्वती के पवित्र संगम में स्नान, ध्यान, दान, और परोपकार के माध्यम से वे इस लोक में सुख और परलोक में मोक्ष की कामना करते हैं।

प्रमुख समाजसेवी डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि शिविर में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन होगा,जो महाकुंभ में आने वाले भक्तों-श्रद्धालुओं को वैदिक और पुराणिक शिक्षा का बोध कराएगी। इसके अतिरिक्त, महाकुंभ में आने वाले साधु-संतों और संन्यासियों के लिए उत्तम आवास व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

महासभा ने सभी भक्तों-श्रद्धालुओं से अपील की है, कि वे इस महापर्व में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें। शिविर में आयोजित विविध कार्यक्रमों और सेवाओं में सम्मिलित होकर अनंत पुण्य अर्जित करें। यह शिविर न केवल आध्यात्मिक जागृति का माध्यम बनेगा बल्कि मानवता के कल्याण के लिए प्रेरणा का स्रोत भी सिद्ध होगा।

## लापता भाई की बरामदगी को लेकर मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी एक व्यक्ति ने प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेज कर अपने लापता भाई की तलाश कराए जाने की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी जितेंद्र पुत्र पदम सिंह ने बुधवार को प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ सहित उच्च अधिकारियों को पत्र भेज कर बताया कि कई वर्ष पूर्व पीड़ित का भाई श्रीपाल संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी पीड़ित के भाई का कोई सुराग नहीं लग सकता है। पीड़ित ने अनहोनी की आशंका जताते हुए अपने लापता भाई को तलाश कराए जाने की मांग की है।थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर मिली है। शीघ्र ही पीड़ित के भाई को तलाश कर पीड़ित को सौंप दिया जाएगा।

# हांसी एसडीएम ने रॉन्ग साइड पर चल रहे ट्रक का पीछा कर पकड़ा, ड्राइवर ने मांगी माफी

वेलकम इंडिया



**हरियाणा/हिसार।** एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार सुबह रॉन्ग साइड पर चल रहे ट्रक का पीछा करके उसे पकड़ लिया। ट्रक चालक को उन्होंने ट्रैफिक नियमों का हवाला दिया तो ट्रक चालक ने एसडीएम से माफी मांगते हुए कहा कि वह जीवन में कभी भी रॉन्ग साइड पर गाड़ी नहीं चलाएगा । इस पर एसडीएम ने ट्रक को वापस मुड़वा करवा कर सही दिशा से गंतव्य के लिए भेजा।दरअसल एसडीएम राजेश खोथ मंगलवार सुबह गाड़ी से कार्यालय आ रहे थे तो इस दौरान उन्होंने देखा कि एक ट्रक रॉन्ग साइड से आ रहा है। यह ट्रक गैस सिलेंडरों से भरा हुआ था। उन्होंने तुरंत ड्राइवर को इस ट्रक का पीछा करने के लिए कहा। कुछ ही दूरी पर ट्रक को पकड़ लिया गया। एसडीएम ने ट्रक चालक को ट्रैफिक नियमों के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि रॉन्ग साइड पर वाहन चलाना दुर्घटना को निमंत्रण देना है।

एसडीएम राजेश खोथ ने मंगलवार को अपने कार्यालय में जन शिकायतों को सुना। लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनने के उपरांत उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को त्वरित आधार पर समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान करना प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। सभी अधिकारी शिकायतों का समाधान अविलंब करना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

राजेश खोथ ने मौके पर ही एक समस्या का समाधान करते हुए पुलिस तथा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को ऑटो मार्केट में अवैध रूप से पड़ी भवन निर्माण सामग्री को आगामी तीन दिन में हटवाने के निर्देश दिए और कहा कि भविष्य में यहां कभी भी अवैध रूप से इस तरह की सामग्री नहीं डालने दें । उन्होंने कहा कि ऑटो मार्केट में सीवरेज, पार्किंग, डिवाइडर तथा फुटपाथ इत्यादि को लेकर टेंडर हो चुका है। संबंधित विभागों के अधिकारी इन सभी कार्यों को जल्द शुरू करवा कर निर्धारित समय अवधि में पूरा करवाना सुनिश्चित करें ताकि लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो।

# मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना में प्राप्त आवेदनों का रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा किया गया चयन



वेलकम इंडिया

**हापुड़।** जनपद की कलैक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवर्धन योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा गठित डिस्ट्रिक्ट एक्जीक्यूटिव कमेटी के एम०पी०सी०/एफ०पी०ओ० के 02 सदस्य, उप मुख्य पशुचिकित्साधिकारी / पशुचिकित्साधिकारियों एवं आवेदन करने वाले समस्त लाभार्थी महिला एवं पुरूष की उपस्थिति में किया गया। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी के द्वारा योजना के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा लाभार्थियों के नाम क्रमवार बैठक में बताये गये। जिनका चयन रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया द्वारा योजना में आवंटित लक्ष्य 12 पुरुष एवं 12 महिला लाभार्थियों का चयन कुल 64 आवेदन के सापेक्ष किया गया।

चयनित 12 पुरूष लाभार्थियों का नाम इस प्रकार है अंशमावी, रोबिन सिरोही, ओमपाल, लोकेन्द्र सिंह, ओमकार सिंह, अवधेश, प्रकाशवीर, विपेन्द्र सिंह, योगेश राणा, मुकुल महाल, ऋषिपाल सैनी तथा शीशपाल सिंह इसी के साथ चयनित 12 महिला लाभार्थियों का नाम इस प्रकार है। शिमलेश, विमला, सर्वेश, सबाना, बबीता, लता सिरोही, रूमाल कौर, अल्का, रेनू, सुमन, गंगा शर्मा तथा सरला देवी हैं।अवशेष लाभार्थियों को प्रतिक्षारत सूची में अंग्रेजी वर्णमाला के क्रमानुसार रखा गया। यदि चयनित लाभार्थियों द्वारा योजना को तय समय में पूर्ण नहीं किया जाता है तो प्रतिक्षारत लाभार्थियों का चयन किया जायेगा।

## अनूपशहर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सचिव का समाजसेवी ज्ञानेंद्र राघव ने अधिवक्ता के साथ किया जोरदार स्वागत

**बुलंदशहर।** बुधवार को नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन अनूपशहर के अध्यक्ष कमलचंद बंसल व सचिव दीपेंद्र सिंह राघव नवनियुक्त कार्यकारिणी को आज एडीजे अनूपशहर विनीत चौधरी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई शपथ ग्रहण समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में जावेद शाहिद साहब व भी सम्मिलित हुए शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा व संचालन एडवोकेट जावेद अख्तर ने किया समारोह को संबोधित करते हुए एडवोकेट सुरेश सिंह चौहान हरिश्चंद्र केपी शर्मा आदि ने बार के अधिवक्ताओं के मान सम्मान व कार्यों को शीघ्र न्याय दिलाने का आह्वान किया। एडीजे विनीत चौधरी एसीजेएम विनय कुमार सिंह ने न्यायिक अधिकारियों की ओर से पदकारियों के हित में संभव सहयोग का आश्वासन दिया स्वागत समारोह में सम्मिलित हुए कांग्रेस नेता व समाज सेवी ज्ञानेंद्र सिंह राघव ने सचिव दीपेंद्र सिंह राघव को माल्यार्पण कर व बुके भेट कर किया।

## एक थैला, एक थाली अभियानः

# प्रयागराज महाकुंभ में पर्यावरण संरक्षण और समाजसेवा का उदाहरण

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद के पिलखुआ नगर कार्यकारिणी और समस्त हिंदू संगठनों के कार्यकताओं ने महाकुंभ 2025 के ₹जीरो वेस्ट एक थैला, एक थाली₹ अभियान के तहत न केवल हिंदुत्व की एकता, समरसता, और सामर्थ्य को प्रस्तुत किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी एक मिसाल कायम की है।अभियान के नगर संयोजक मनोज जी को दिनेशनगर द्वारा 465 थालियां भेंट की गईं। इसके अतिरिक्त, पिलखुआ नगर के कार्यकताओं ने घर-घर जाकर प्लास्टिक के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और ₹एक थैला, एक थाली₹ के महत्व को समझाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया। इस पहल में नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया।अभियान की मुख्य उपलब्धियां: नगर के परिवारों ने न्यूनतम एक थैला और एक थाली का योगदान दिया।जिन परिवारों के पास समय की कमी थी, उन्होंने इस अभियान के लिए धनराशि दान की।समाज के हर वर्ग ने इस पहल में योगदान देकर सामूहिक चेतना का अद्भुत प्रदर्शन किया।महत्वपूर्ण योगदानकताओं संजय तोमर, हरेश मित्तल, मनोज सिसोदिया, भूपेश दूबे, अमित शर्मा, अजय कश्यप, मूलचंद जी, सुनील भाटी, रोहित शर्मा, राकेश झा, सुमित सारस्वत, रणवीर सिंह भाटी, सुधीर शर्मा, नीरज सिसोदिया, पवन शर्मा आदि।इस अभियान के माध्यम से महाकुंभ 2025 में ₹जीरो वेस्ट₹ लक्ष्य को प्राप्त करने और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प किया गया है।

हमारा उद्देश्य ₹एक थैला, एक थाली₹ अभियान से न केवल प्लास्टिक प्रदूषण को रोकना है, बल्कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं के लिए स्वच्छता और पर्यावरण मित्रता का उदाहरण प्रस्तुत करना है।

हम अपील करते हैं नगर के सभी नागरिक इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझें।

# 176 बकायेदारों की लाइन कटी, 217 उपभोक्ताओं ने 14.50 लाख जमा किया



**संतकबीरनगर।** विद्युत विभाग द्वारा पूरे प्रदेश में एकमुश्त समाधान योजना चलायी जा रही है। आज एकमुश्त समाधान योजना के द्वितीय चरण में खलीलाबाद खण्ड के अन्तर्गत 217 उपभोक्ताओं ने रजिस्ट्रेशन कराकर 14.50 लाख रुपए राजस्व जमा किया गया एवं 176 उपभोक्ताओं की बकाया जमा न करने के कारण लाइन विच्छेदित की गयी। मुकेश गुप्ता उपखण्ड अधिकारी हरिहरपुर, लक्ष्मण मिश्रा उपखण्ड अधिकारी हैसर, मनोज कुमार उपखण्ड अधिकारी मगहर, कौशल किशोर उरखण्ड अधिकारी धनघटा के नेतृत्व में हरिहरपुर, हैसर, मगहर और धनघटा के विभिन्न जगहों पर कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें अधिक से अधिक उपभोक्ता अपना रजिस्ट्रेशन कराकर व्याज माफी योजना का लाभ लेकर बकाया जमा किये। आज राजेश कुमार अधिशासी अभियंता खलीलाबाद के द्वारा बधौली, मगहर क्षेत्रों में चल रहे कैम्पों का निरीक्षण करके उपभोक्ताओं को होने वाली समस्याओं की जानकारी लिया गया और वहाँ उपस्थित कर्मचारियों को निर्देशित भी किया।

# यातायात जागरुकता बढ़ाने हेतु रिफ्लेक्टर लगा कर लोगों को किया गया जागरुक



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के निर्देशन,अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी यातायात अजीत चौहान के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात परमहंस ने खलीलाबाद शहर क्षेत्र में लोगों को *यातायात जागरुकता के नियमों के बारें में जागरुक करते हुए भारी वाहन, ट्रैक्टर ट्राली पर रिफ्लेक्टर लगाया गया* तथा नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड से न चलाने के बारे में बताया गया तथा अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की गयी ।

## डीएम ने जनपद में स्थित बखिरा झील/पक्षी विहार के ईको टूरिज्म अंतर्गत पर्यटन विकास के सम्बन्ध में स्वीकृति हेतु महानिदेशक पर्यटन को भेजा प्रस्ताव

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने जनपद में स्थित बखिरा झील के ईको टूरिज्म अंतर्गत पर्यटन विकास के सम्बन्ध में महानिदेशक पर्यटन द्वारा प्रदेश के ईको टूरिज्म से संबंधित कार्ययोजना में सम्मिलित परियोजनाओं के आगणन तैयार कर उपलब्ध कराने के निर्देश के क्रम में पत्र लिखकर अवगत कराया है कि जनपद संतकबीरनगर में ईको टूरिज्म अंतर्गत बखिरा झील के निकट ईको पार्क के निर्माण की परियोजना हेतु ग्राम सुरजाजोत परगना मगहर पूरब, तहसील खलीलाबाद में गाटा संख्या 99मि० रकबा 0.0910 हे0 चिन्हित कर उपलब्ध करा दी गई है।

जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यदायी संस्था उ0प्र0 राज्य पर्यटन विकास निगम लि0 लखनऊ द्वारा उक्त परियोजना का रुपया 239.33 लाख का आगणन गठित कर उपलब्ध कराया गया है, जिसमें प्रमुखतः ईको काटेज का निर्माण, गार्ड रूम, ड्राइवर रूम, किचन, डायनिंग एरिया, टायलेट, पाथ-वे, हार्टिकल्चर कार्य, प्रकाश व्यवस्था, साइनेज, स्कल्प्चर, सेल्फी प्वाइण्ट, प्रवेश द्वार, बाउण्ड्रीवाल आदि के कार्य लिए गए है।

उन्होंने बताया कि जनपद सन्तकबीरनगर के बखिरा झील के निकट पर्यटन विभाग की ईको टूरिज्म अंतर्गत ईको पार्क के विकास हेतु भूमि चिन्हित कर एस्टीमेट प्रशासकीय स्वीकृति हेतु पर्यटन निदेशालय प्रेषित कर दिया गया है, जिसकी शीघ्र ही स्वीकृति प्राप्त हो जाएगी।

## लकड़ी डाल रहे नपा कर्मचारी को दबंग ने पीटा, रिपोर्ट दर्ज

**बुलंदशहर ।** सर्दी से बचाव के लिए नगर पालिका द्वारा अलाव के चिन्हित स्थानों पर लकडी डालने गए नगर पालिका के संविदा कर्मचारी से ड्यूटीरत एक दबंग ने गाली-गलौज की तथा विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। मामले में पीड़ित के भाई ने तहरीर दे आरोपी के विरुद्ध नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। अंतरिक्ष निवासी वाल्मीकि बस्ती कस्बा गुलावठी के मुताबिक उसका भाई सतीश नगर पालिका गुलावठी में संविदा कर्मचारी है। तीन जनवरी को सतीश अपनी ड्यूटी के दौरान नगर में अलाव के स्थान पर लकडी डालने गया था।उसी दौरान हनी पुत्र भागीरथ निवासी मोहल्ला बुद्धे खां उनके पास पहुंचा और सतीश व अन्य के साथ गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर हनी ने सतीश के साथ मारपीट कर दी तथा सिर में ईंट मारकर उसे लहूलुहान घायल कर दिया। आसपास के लोगों ने उसे बचाया। आरोपी हनी जान से मारने की धमकी देकर वहां से चला गया।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई के दौरान आई शिकायतों का जल्द हो निस्तारण, दिये आदेश

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद की जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10:00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करती है।इस दौरान आज डे ऑफिसर के रूप में डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ईला प्रकाश उपस्थित ?रही।

बताते चले कि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा प्रतिदिन की तरह आज भी जनसुनवाई की गई जिसमें एक शिकायत गढ़ की चकरोड पर कब्जे को लेकर की गई जिसमें संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने तत्काल एसडीएम गढ़मुक्तेश्वर को जांच के आदेश दिए। उन्होंने शिकायत करता द्वारा की गई शिकायत को लेकर उप जिलाधिकारी गढ़मुक्तेश्वर को आदेशित करते हुए कहा कि शिकायतकर्ता द्वारा दी गई शिकायत के प्रकरण की गहनता से जांच करते हुए समस्या का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराए ।

जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी महोदया को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, आपसी लड़ाई–झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी महोदया को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई हेतु शिकायतकताओं का आवागमन रहा।

जिलाधिकारी श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकर्तओ की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी महोदया ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की गई।

# भाजपा के नव-नियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों का किया स्वागत

वेलकम इंडिया



**हाथरस।** भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी की अध्यक्षता में नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों का स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें नवीन मण्डल अध्यक्षों में योगेश कुमार हाथरस जं0 मण्डल, स्मृति पाठक मीतई मण्डल, प्रदीप शर्मा रूहेरी मण्डल, आकाश सिंह सासनी मण्डल, जितेन्द्र राजपूत अगसौली मण्डल, मुकुल गुप्ता सिकन्द्रराराऊ मण्डल, गजेन्द्र प्रताप सिंह ऐंहन मण्डल, सचिन दीक्षित पुरदिलनगर मण्डल, सुनील कुमार हसायन मण्डल, अंकुश गौड़ सादाबाद मण्डल, सूरज शाह कुरसण्डा मण्डल, अरून चौधरी मुरसान मण्डल एवं जिला प्रतिनिधियों में स्वीटी धनगर ,नीरेश कुमार सिंह, जयराम दिवाकर, राजकुमार शर्मा, ओमवीर सिंह, चन्द्रभान सिंह, रामगोपाल बघेल, योगेश परमार, भूपेन्द्र सिंह, राजवीर कुशवाह को माला एवं पटका पहनाकर स्वागत किया और मिष्ठान वितरण किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए हाथरस सांसद अनूप प्रधान बाल्मीक ने सभी नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों को नवीन दायित्व की शुभकामनाऐं एवं बधाई दी और कहा कि मण्डल अध्यक्ष संगठन के प्रमुख स्तम्भ होते है संगठन के समस्त कार्य मण्डल स्तर से ही संचालित होते है इसीलिए सभी सभी मण्डल अध्यक्ष अपने-अपने दायित्वों का पूर्ण जिम्मेदारियों के साथ निर्वहन करें। सिकन्द्रराराऊ विधायक वीरेन्द्र सिंह राणा नवीन मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी शीर्ष नेतृत्व के द्वारा प्राप्त समस्त अभियानों के माध्यम से पार्टी की विचारधारा को आम जन तक पहुँचाने का कार्य करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष शरद माहेश्वरी ने अपने अध्यक्षीय उद्धबोधन में कहा कि आपको शीर्ष नेतृत्व द्वारा बहुत ही महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है मुझे आशा ही नही पूर्ण विश्वास है कि आपके प्रयासों से पार्टी जनपद में एक नई ऊर्जा के साथ आगे बढेगी और अपना परचम लहराएगी, पालिकाध्यक्ष श्वेता चौधरी ने भी सभी नव नियुक्त मण्डल अध्यक्षों एवं जिला प्रतिनिधियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रूपेश उपाध्याय ने किया कार्यक्रम में हरीशंकर राना, सुनील गौतम, प्रेमसिंह कुशवाह, रामकुमार माहेश्वरी, हरीश सेंगर, अनुज चौधरी, अनिल सिसौदिया, भूपेन्द्र कौशिक, शिवदेव दीक्षित, ओजवीर सिंह राणा, डम्वेश चक, चौ0 हम्बीर सिंह, राजेन्द्र सिंह धाकरे, महेश वर्मा, विवेक रावत, अनन्तवीर सोलंकी, वन्टी आर्य, सोनिया नारंग, नरेश ठाकुर आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

# जेएमएस वर्ल्ड स्कूल ग्राउंड में आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का हुआ शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**हापुड़।** जनपद हापुड़ में जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के क्रिकेट ग्राउंड पर आबिद मेमोरियल सीजन 2. का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला प्रॉबिनेशन अधिकारी श्रीमती स्मिता सिंह सिंह विशिष्ट अतिथि अभिषेक त्यागी अध्यक्ष मजिस्ट्रेट सीडब्लूसी इमरान इलाही राष्ट्रीय महासचिव जदयू मौ०दानिश कुरैशी चैयरमेन सोसायटी आयुष सिंगल मैनेजिंग डायरेक्टर जेएमएस ग्रुप आदि ने संयुक्त रूप से किया। जिसमें पहला मैच आबिद रेड व आबिद ग्रीन के बीच खेला गया।

आबिद रेड के कप्तान आसू ने टॉस जीतकर पहले बॉलिंग ली। आबिद ग्रीन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर 123 रन बनाकर ऑल आउट हो गये।आबिद रेड के कप्तान आसू ने सबसे ज्यादा तीन विकेट लिए बाद में 123 रन का चेज करते हुए आबिद रेड की तरफ से तैमूर ने 49 रन एवं सोहेल ने 28 रन बनाए।पांच विकेट के गिरने पर आबिद रेड ने लक्ष्य हासिल कर लिया।अंत में जीशान ने 16 रन व विजेंद्र ने 12 रन बनाकर आबिद रैड टीम को जीत दिलाई ।

आबिद ग्रीन की तरफ से मौ० सलमान ने तीन विकेट लिए और एक टैलेंटिड 11 साल के आरफ शमीम ने चार ओवर में किफायती गेंदबाजी करते हुए 20 रन देकर दो विकेट लिए मैन ऑफ द मैच कप्तान आसू को दिया गया। बेस्ट बैट्समैन तैमूर अली खान, बेस्ट बॉलर मो सलमान रहे।आबिद ग्रीन के कप्तान मोहसिन खान ने आबिद रेड के विजय होने पर आबिद रेड के कप्तान आशु को मुबारकबाद दी। वहीं कैप्टन आशु, शादाब, मोहसिन ने जानकारी देते बताया कि 7 जनवरी से 31 जनवरी तक आबिद मेमोरियल क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन 7 जनवरी से 13, 14, 16, 20, 21 एवं 31 जनवरी को क्रिकेट टूनार्मेंट का भव्य समापन होगा।इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह, अभिषेक त्यागी अध्यक्ष/ मजिस्ट्रेट सीडब्लूसी, इमरान इलाही राष्ट्रीय महासचिव जदयू, मौ० दानिश कुरेशी ब्रांड एंबेसडर नगर पालिका हापुड,आयुष सिंघल डायरेक्टर, कैप्टन आशु, तैमूर अली टीएफसी,हाजी साजिद, मौ० मोहसिन, एडवोकेट मो उमर, शादाब एडवोकेट,काशिफ खान,परवेज अली, आसिफ,नवनीत, सलीम, बुल्टा,मौ० इमरान, समीर, सलमान, राशिद,साजिद खान,एडएम सिरोही, अफजाल कुरैशी,जैद अंसारी, सैफ अली खान अदनान आदि उपस्थित रहे।

## बड़ागांव के हरि कृष्णा कुशवाहा बने जिला प्रतिनिधि भाजपा

**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी ने मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की सूची जारी कर दी है। झांसी महानगर बड़ागांव मंडल अध्यक्ष बने धमेंद्र अहिरवार, जबकि जिला प्रतिनिधि पद पर बड़ागांव से हरिकृष्णा कुशवाहा का चयन हुआ। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार देर रात जिलेभर के मंडल अध्यक्षों और जिला प्रतिनिधियों की सूची जारी की।इस सूची ने जहां कई कार्यकताओं के लिए खुशी का माहौल बनाया, वहीं कुछ जगहों पर निराशा भी देखने को मिली। सूची में बड़ागांव महानगर मंडल अध्यक्ष के तौर पर धमेंद्र अहिरवार का नाम सबसे महत्वपूर्ण रहा।इसके साथ ही जिला प्रतिनिधि पद के लिए हरिकृष्णा कुशवाहा को चुना गया। हरिकृष्णा कुशवाहा ने कहा कि संगठन द्वारा मिली जिम्मेदारी को ईमानदारी से संगठन के हाथों को मजबूत करने का कार्य करूंगा । सभी सुभचिन्तकों ने नवनियुक्त भाजपा जिला प्रतिनिधि हरि कृष्णा कुशवाहा को फोन संचार व व्हाट्सएप कर बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की।



## महाकुंभ सनातन संस्कृति , एवं सामाजिक समरसता को मजबूत करने वाला पर्व : चौ किशन सिंह जिला पंचायत अध्यक्ष



वेलकम इंडिया

**मथुरा।** श्री कृष्ण जन्म भूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष एवं श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार दिनेश शर्मा, फलहारी के आवाहन पर संपूर्ण ब्रज में महा कुंभ को लेकर चलाए जा रहे जन जागरण अभियान के तहत बुधवार को मथुरा देहात क्षेत्र में शुरूआत करते हुए जगह-जगह पांच टीमों को रवाना किया गया, जिसका शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष चौधरी किशन सिंह ने निमंत्रण पत्र वितरित कर किया ।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष चौ किशन सिंह ने कहा की यह महाकुंभ अबकी बार भारतवर्ष को विश्व गुरु बनाने की आधारशीला के रूप में जाना जाएगा। श्री कृष्ण जन्मभूमि के पक्षकार, हिंदूवादी नेता दिनेश शर्मा ने कहा कि इस महा कुंभ में आयोजित होने वाली धर्म संसद में सनातन संस्कृति के ध्वजवाहक संत जन श्री कृष्ण जन्मभूमि, लव जिहाद, आतंकवाद, सहित अनेक मुद्दों पर विशेष चर्चा करेंगे।

हमें सभी अखाड़ों का आशीर्वाद मिल रहा है। निश्चित ही अब निर्णायक आवाज बुलंद होगी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एवं सनातनी गौरव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अब तक के महाकुंभ के आयोजनों से अधिक सुखद एवं सुंदर इंतजाम किए हैं दिव्य शक्ति अखाड़े के महामंत्री एवं धर्म संसद प्रभारी राजेश पाठक ने कहा कि 23 जनवरी की धर्म संसद में अब 2 लाख से अधिक सनातनी हिंदुओं की आने की संभावना है।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजेश कृष्ण शास्त्री, राहुल गौतम, मोहनदास बाबा, राकेश कुमार सिंह, कमलेश चौधरी आदि उपस्थित थे।

## दिव्यांग बच्चों के अभिभावक परामर्श कार्यक्रम बीआरसी पर संपन्न



**संतकबीरनगर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह के निर्देश पर समग्र शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के माता पिता एवं अभिभावक का परामर्श कार्यक्रम का आयोजन बुधवार के दिन ब्लॉक संसाधन केंद्र सेमरियावां पर किया गया। नोडल शिक्षक धर्मेंद्र चौधरी,प्रेम शंकर और अमित कुमार सिंह दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रेरित किया।इन बच्चों की शिक्षा दीक्षा सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।विशिष्ट आवश्यकता वाले बच्चों को निकट के विद्यालयों में अवश्य प्रवेश दिलाएं। खंड शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह और जिला समन्वयक रजनीश वैद्य के निदेशार्नुसार नोडल शिक्षक जफीर अली ने दिव्यांग बच्चों एवं विशेष शिक्षक उपयोगार्थ हेतु होम बेस्ड किट,शिक्षण अधिगम,अन्य सामग्री वितरित किए। अभिभावकों से रोजाना शिक्षण सामग्री के उपयोग हेतु प्रेरित किया गया।

## पुलिस ने बैंक, व्यापारिक प्रतिष्ठान आदि वित्तीय संस्थाओं भ्रमण कर परखी सुरक्षा, सदिग्ध से की पूछताछ



**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा के निर्देशन में जनपद में बैंक, एटीएम व्यापारिक प्रतिष्ठान तथा अन्य वित्तीय संस्थानों के सुरक्षार्थ विशेष चैकिंग अभियान चलाया गया । जिसके क्रम में जनपद के समस्त थाना प्रभारी व चौकी प्रभारी मय पुलिस फोर्स के अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले बैंक, एटीएम, व्यापारिक प्रतिष्ठान, वित्तीय संस्थाओं एवं लेन-देन के महत्वपूर्ण स्थानों पर पहुंचे तथा पुलिस द्वारा बैंकों, एटीएम आदि पर जाकर सीसीटीवी कैमरों की दिशा एवं दशा, फायर अलार्म सिस्टम चैंक किये तथा सभी प्रबन्धकों से सकुशलता जानी गयी । पुलिस द्वारा बैंक सुरक्षा ड्यूटी में लगे सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान सतर्क दृष्टि बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये ।

## ससुरालियों ने दामाद के साथ की जमकर मारपीट



**कांधला।** युवक के साथ ससुराल पक्ष के लोगों के द्वारा मारपीट करने के मामले में पीडित के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। नगर के मौहल्ला खैल निवासी सत्तार ने थाने में तहरीर देते हुए बताया कि उसके पुत्र उस्मान का निकाह कैराना निवासी सलीम की पुत्री आयशा के साथ हुआ था। निकाह के बाद दोनों पक्षों में विवाद रहने लगा, जिसके बाद लगभग चार माह पूर्व आयशा के परिजन उसे अपने साथ कार्य के सिलसिले में डेरा बसी लेकर चले गए थे। आरोप है कि मंगलवार की शाम उस्मान के साले सलमान, सादिक व ससुर सलीम उनके घर आएं तथा उसके पुत्र उस्मान के साथ मारपीट कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। शोर शराबा होने पर सभी आरोपी मौके पर फरार हो गए। पीडित के पिता ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने पीडित को कार्यवाही का आश्वासन दिया है।

# पुलिस की तैयारी कर रही युवती को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, इलाज के दौरान हुई मौत

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** नए साल के पहले दिन एक दर्दनाक हादसे में पुलिस भर्ती की तैयारी कर रही 25 वर्षीय घायल युवती फरीन की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना अलीगंज थाना क्षेत्र के पाकड़ मोहल्ले की है, जहां फरीन रोजाना की तरह दौड़ लगाने गई थी। दौड़ पूरी करने के बाद घर लौटते समय भारत पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक सवार ने पीछे से फरीन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि फरीन गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही फरीन के परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस की मदद से फरीन को अस्पताल लेकर गए। हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे बरेली के आला हजरत हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन मंगलवार देर रात इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। फरीन के पिता सज्जाद हुसैन ने बताया है कि उनकी बेटी तीन बेटियों में सबसे बड़ी थी और बेटे की तरह घर का सहारा थी। वह फिजिकल टेस्ट पास कर चुकी थी और सिर्फ दौड़ का टेस्ट बाकी था। फरीन का सपना था कि वह फरवरी में खाकी वर्दी पहनकर घर लौटे और पूरे परिवार को गर्व का एहसास कराए।

**पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा:** मृतका के पिता ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### फरीन की मां का रो-रोकर है बुरा हाल

फरीन की मां समीम अपनी बेटी की मौत से बदहवास हैं। उन्होंने बताया है कि फरीन घर की जिम्मेदारी भी उठाती थी और अपने सपनों को पूरा करने के लिए दिन–रात मेहनत कर रही थी। हादसे के बाद पूरे मोहल्ले में मातम छा गया है।

### सिर में आईं थी गंभीर चोटें

हादसे के बाद फरीन के सिर में गंभीर चोटें आईं थी। डॉक्टरों ने सिर की हड्डी टूटने की वजह से ऑपरेशन किया और उसे वेंटिलेटर पर रखा, लेकिन लंबे इलाज के बाद भी उसे बचाया नहीं जा सका।

## जनपद सिद्धार्थनगर में उपज़िलाधिकारियों के हुए ट्रांसफर

**सिद्धार्थनगर।** जनपद सिद्धार्थनगर में उपज़िलाधिकारियों के ट्रांसफर हुए। आपको बता दें कि जनहित को लेकर जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने उपजिलाधिकारियों के ट्रांसफर किये हैं। शशांक शेखर राय अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़ से उप जिलाधिकारी बांसी बनाए गये, प्रदीप कुमार यादव उप जिलाधिकारी बांसी से उप जिलाधिकारी न्यायिक डुमरियागंज बनाए गये, कल्याण सिंह मौर्य उपजिला अधिकारी इटवा से उपजिलाधिकारी सदर (नौगढ़) बनें,कुणाल उप जिलाधिकारी न्यायिक बांसी से उप जिलाधिकारी इटवा बनाये गये, राहुल सिंह उप जिलाधिकारी न्यायिक शोहरतगढ़ से उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ बनाये गये, चंद्रभान सिंह उप जिलाधिकारी शोहरतगढ़ से उप जिलाधिकारी न्यायिक बांसी बनाये गये तो वहीं ललित कुमार मिश्रा उप जिलाधिकारी नौगढ़ से अपर उपजिलाधिकारी नौगढ़ बनाये गये है।

# थाना इज्जतनगर क्षेत्र में चोरों का आतंक

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** इज्जतनगर इलाके में चोरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में करमपुर चौधरी क्षेत्र में बोलेरो सवार चोरों ने एक कार को निशाना बनाते हुए उसमें रखा कीमती सामान चुरा लिया। इस घटना से इलाके के लोगों में दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना इज्जतनगर के करमपुर चौधरी के रहने वाले मुख्त्यार खान, जो कि एक मदरसा शिक्षक हैं ने बीती रात अपनी कार को निशा मोटर्स के पास खड़ा किया था। रात करीब 12:30 बजे चोरों ने कार का शीशा तोड़कर अंदर से स्पीकर, एयरबैग कवर, मीटर, एसी ब्लोअर, बैटरी, हेडलाइट, नंबर प्लेट और अन्य सामान चुरा लिया। चोरी के बाद बदमाशों ने इलाके से फरार होने के लिए एक काले रंग की बोलेरो गाड़ी का इस्तेमाल किया। इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने पर पता चला है कि बोलेरो गाड़ी घटनास्थल के आसपास देखी गई थी। इस बारे में मुख्त्यार खान ने बताया है कि सुबह जब लोग मुझे जगाने आए, तो उन्होंने कहा कि उनकी कार खुली पड़ी है और उसका शीशा टूटा हुआ है। जब उन्होंने जाकर देखा, तो कार का सारा कीमती सामान गायब था।

### चोरों के हौसले बुलंद

यह पहली बार नहीं है जब इस क्षेत्र में इस तरह की घटना घटी हो। इससे पहले भी कर्मचारी नगर की ऑफिसर्स कॉलोनी में दो चोरियों का खुलासा नहीं हो पाया है। जिससे पुलिस की कार्रवाई पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। चोरी की बढ़ती घटनाओं ने इज्जतनगर में सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़े कर दिए हैं। क्षेत्र के लोग उम्मीद कर रहे हैं कि पुलिस जल्द से जल्द चोरों को गिरफ्तार करेगी और क्षेत्र में कानून व्यवस्था को बहाल करेगी।

## पालतू कुत्ते की हत्या से उपजी रंजिश में भाजपा पार्षद पर जानलेवा हमला

वेलकम इंडिया/चरन सिंह

**बरेली।** प्रेमनगर थाना क्षेत्र में भाजपा पार्षद चंद्र प्रकाश गुप्ता पर हमले का सनसनीखेज मामला सामने आया है। यह हमला मंगलवार रात उनके घर के बाहर हुआ, जब वह घर से बाहर निकले तो हमलावर ने पार्षद के साथ मारपीट की और उन पर गोली चलाने की भी कोशिश की, लेकिन फायर मिस हो गया। इस घटना का वीडियो उनके घर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है। थाना प्रेमनगर के पार्षद चंद्र प्रकाश गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनके पड़ोसी विशाल कश्यप ने उन पर पुरानी रंजिश के चलते हमला किया। यह रंजिश उनके पालतू कुत्ते की हत्या से जुड़ी है।

**16 दिसंबर 2024 की घटना:** पार्षद के पालतू कुत्ते को पड़ोसी आशीष कश्यप और उसके परिवार वालों ने कार से कुचलकर मार दिया था। इस मामले में पुलिस ने शिकायत दर्ज की थी, लेकिन तभी से आरोपी परिवार पार्षद से रंजिश रखने लगा था।

पिछले साल अक्टूबर में भी आरोपी परिवार ने एक और कुत्ते को मार दिया था। उस वक्त स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों के बीच समझौता करवा दिया था। वहीं पार्षद ने बताया है कि मंगलवार रात जब वह घर लौट रहे थे, तभी विशाल कश्यप ने उन पर अचानक हमला कर दिया। उन्होंने मारपीट की और पिस्टल से गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन निशाना चूक गया। घटना के बाद क्षेत्र के अन्य पार्षद और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और प्रेमनगर थाने में शिकायत दर्ज करवाई गई। वहीं इस मामले को लेकर प्रेमनगर पुलिस ने पार्षद की शिकायत पर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है, और आरोपी परिवार से पूछताछ की जाएगी।

## मामूली कहासुनी होने पर युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला में मामूली विवाद को लेकर दो पक्ष में मारपीट हो गई दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ थाने मैं तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के गांव जसाला के वकील पुत्र सुरेश पाल किसी कार्य के लिए अपने खेत गया था। वहां पर रास्ते में दीपक से किसी बात को लेकर विवाद हो गया उस समय वहां मौजूद लोगों ने विवाद का निपटारा कर दिया आरोप है कि कुछ समय के बाद दीपक अपने कई साथियों के साथ सुरेश पाल के घर जा पहुंचा और लाठी डंडों से घर में घुसकर हमला कर दिया आप है कि घर में मौजूद महिलाओं के साथ भी दीपक पक्ष ने अमृत की इस दौरान हुई मारपीट में दोनों पक्षों के दो युवक घायल हो गए पीड़ित ने तहरीर देखा कार्रवाई की मांग की है उधर दूसरे पक्ष दीपक ने भी तहरीर देकर आरोप लगाया है कि खेत जाते समय उसे रास्ते में रोककर सुरेश पाल पक्ष के लोगों ने मारपीट कर उसे घायल कर दिया पुलिस के अनुसार दोनों पक्ष की ओर से तहरीर मिली है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा भी करें: मुनीर आलम खां



वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां क्षेत्र के गांव दुधारा स्थित एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा में सड़क सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस दौरान प्रधानाचार्य मुनीर आलम ने कहा कि हमेशा अपने बाएँ से चलें। दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग करें। चार पहिया वाहन पर सीट बेल्ट का प्रयोग करें। जीवन अनमोल है इसकी सुरक्षा भी करें।

नाबालिग बच्चो को वाहन न चलाने, तीन सवारी न बैठने, बिना नम्बर प्लेट लगी वाहन न चलाने, नशे की हालत में गाड़ी न चलाने, वाहन को ओवर स्पीड़ से न चलाने के बारे में बताया गया तथा अपने परिवार वालों एवं रिश्तेदारों तथा आसपास के लोगों को वाहन चलाते समय हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग करने हेतु प्रेरित करने की भी अपील की। इस अवसर पर शिक्षकों व विद्यार्थियों को शपथ दिलाई गई।

इस अवसर पर मुहम्मद इश्तियाक अंसारी, फसीहुद्दीन, मुहम्मद यूनुस, ओबैदुल्लाह, अब्दुस्सलाम, जुबेर अहमद, मुहम्मद शाहिद, मुहम्मद परवेज अख्तर, ओजैर अहमद, नसीम अहमद, जुनेद अहमद, सबीह अहमद, असादुल्लाह, रफी अहमद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# बदमाश ने व्यापारी से मांगी रंगदारी मुकदमा हुआ दर्ज

■ 50 लाख व फॉर्च्यूनर गाड़ी की मांग नहीं देने पर अंजाम भुगतने की चेतावनी

वेलकम इंडिया



**कांधला।** नगर में एक व्यापारी से हरियाणा के बदमाश के द्वारा फिरौती मांगने का मामला प्रकाश में आया है। बदमाश की दहशत के कारण व्यापारी ने दो दिन से अपनी दुकान नही खोली है। मामले का पता चलने पर व्यापार मंडल अध्यक्ष व्यापारियों के साथ थाने पहुंचे तथा थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने मामले में व्यापारियों की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है।

नगर के मौहल्ला रेलवे मंडी स्थित जाट कॉलोनी में आबिद सैफी पुत्र गाजूदीन सैफी ने सैफी ट्रेडिंग कम्पनी के नाम से टाइल्स व हार्डवेयर की दुकान है। व्यापारी आबिद सैफी ने बताया कि 06 जनवरी को उसके पास एक नम्बर से कॉल आया तथा कॉल करने वाले व्यक्ति ने खुद को हरियाणा राज्य के पानीपत से सुरेन्द्र काला बताते हुए काले रंग की फॉर्च्युनर गाडी के साथ पचास लाख रूपए की रगंदारी की मांग की गई। जिसके बाद वह घबरा गया तथा अपना प्रतिष्ठान बंद करके अपने घर चला गया। किन्तु डर के कारण वह पुलिस के पास जाने की हिम्मत नही कर पाया। बुधवार को मामले की सूचना व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को मिली तो व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने व्यापारी से सम्पर्क किया तथा उससे मामले की जानकारी ली। बाद में व्यापार मंडल अध्यक्ष ईश्वर दयाल कंसल अपने व्यापारी साथियों के साथ - साथ पीडित व्यापारी को लेकर थाने पहुंचे, जहां पर उन्होंने थाना प्रभारी क्षितिज कुमार को मामले की जानकारी देते हुए कार्यवाही की मांग की। पीडित व्यापारी से थाना प्रभारी को बदमाश के साथ हुई बात की कॉल रिकॉर्डिंग के साथ मोबाइल नंबर भी उपलब्ध कराया। मामले में थाना प्रभारी ने व्यापारियों को जल्द ही मामले में कठोर कार्यवाही व व्यापारी की सुरक्षा का आश्वासन दिया। पुलिस ने व्यापारी की तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार का कहना है कि व्यापारी की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### 24 घंटे में काम ना होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी

व्यापारी आबिद सैफी से रंगदारी में पचास लाख रूपए व फॉर्च्युनर गाडी की मांग करने वाले बदमाश ने आबिद को मंगलवार को शाम के समय पैसे लेकर शामली वाली ट्रेन में बैठने तथा बाकी जानकारी मंगलवार शाम फोन के माध्यम से देने के लिए कह रहा है। आरोपी व्यापारी को 24 घंटे का समय देने के साथ कार्य ना होने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दे रहा है।

## विद्युत विभाग की लापरवाही से कभी भी हो सकता है गंभीर हादसा

वेलकम इंडिया



**कांधला।** नगर में विद्युत विभाग की लापरवाही से कभी भी कोई भी गंभीर हादसा हो सकता है। बार - बार शिकायतों के बाद भी विद्युत विभाग के अधिकारी मामले में कोई भी कार्यवाही नही कर रहे है। जिससे पीडित मौहल्लेवासियों ने मामले की शिकायती मुख्यमंत्री पोर्टल पर कर कार्यवाही की मांग की है।

नगर के मौहल्ला खैल में निरांकार मंदिर के समीप डा रामकुमार के आवास के पास गली में विद्युत विभाग के तारों का जाल बिछा हुआ है। गली संकरी होने के कारण विद्युत विभाग के द्वारा गली में कोई भी विद्युत पोल नही लगाया गया है, तथा गली के निवासियों को दूर स्थित विद्युत पोल से लोगों को कनेक्शन दिए हुए है जिसके चलते विद्युत कनेक्शनों के तारों गली में पूरा जाल बिछा हुआ है। मौहल्लेवासियों का आरोप है कि विद्युत कर्मचारियों के द्वारा विद्युत तार इतने ढीले बांधे गए है कि वह बिल्कुल नीचे लटक रहे है तथा गली से गुजरने वाले लोगों के हाथ तारों तक आसानी से चले जाते है, जिस कारण कभी भी कोई भी गंभीर हादसा हो सकता है। वार्ड निवासी संजीव कुमार का कहना है कि वह कई बार विद्युत विभाग के जेई से वार्ता कर गली में एबीसी लाइन डालकर समस्या के निस्तारण की मांग कर चुके है।

# राशन कार्डो के सत्यापन को लेकर सभासदों की अध्यक्ष व ईओ से वार्ता, सटीक सर्वे की मांग

वेलकम इंडिया



**टाण्डा जिला रामपुर।** राशनकार्ड धारकों के गलत सत्यापन के आधार पर कार्ड निरस्त करने को लेकर सम्बंधित व्यक्तियों और सभासदों में लापरवाह सर्वेक्षकों के प्रति नाराजगी है। बुधवार को दूसरे दिन भी सभासदों ने पालिकाध्यक्ष की मौजूदगी में ईओ से वार्ता कर सटीक एवं निष्पक्ष सर्वे के आधार पर उचित निर्णय लेने की बात कही।ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति राशन कार्ड की सहूलियत से वंचित न रह सके।अधिशासी अधिकारी ने सत्यापन सूची पर पुनर्विचार करने एवं पूर्ति निरीक्षक से बात करने का आश्वासन दिया।

डीएम के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी पुनीत कुमार की निगरानी में पालिका कर्मचारियों द्वारा घर-घर जाकर राशन कार्ड धारकों के सत्यापन का कार्य किया गया है।जिसके आधार पर अपात्रों को चिह्नित कर उनके राशन कार्ड निरस्त करने की कार्रवाई की जानी है।सर्वे के आरम्भ से ही लगातार गलत सत्यापन होने की शिकायतें सामने आ रही हैं। तमाम प्रभावित लोग अपने वार्ड के सभासदों सहित पालिकाध्यक्ष और पालिका कार्यालय के चक्कर लगा रहे हैं।जनप्रतिनिधि होने के नाते लोगों का सभासदों और पालिकाध्यक्ष पर लगातार दबाव बढ़ता जा रहा है।इसी को लेकर मंगलवार को सभासदों की ईओ पुनीत कुमार से वार्ता हुई थी।लेकिन कोई ठोस आश्वासन न मिलने के कारण सभासद वार्ता से संतुष्ट नहीं हुए।बुधवार को फिर एक दर्जन से अधिक सभसदों ने पालिका कार्यालय में अध्यक्ष साहिबा सरफराज,अध्यक्ष प्रतिनिधि हाजी सरफराज आलम की मौजूदगी में ईओ पुनीत कुमार से राशन कार्ड धारकों के गलत सर्वे को लेकर नाराजगी जताते हुए जिम्मेदार कर्मचारियों से पुनः निष्पक्ष सत्यापन कराये जाने की मांग की।

उनका कहना था कि जिन कार्ड धारकों की आर्थिक स्थिति वास्तव में अच्छी नहीं है,उन्हें भी अपात्रों की सूची में सम्मिलित कर दिया गया है।जबकि शासन की मंशा है कि गरीब पात्रों को सरकार की खाद्यान्न योजना का लाभ अवश्य मिलना चाहिए। कोई भी पात्र एवं जरूरतमंद परिवार योजना से वंचित न रहे।सभासदों का कहना था कि सत्यापन प्रक्रिया की जांच हो और यह देखा जाए कि सत्यापन में किन कारणों से गलतियां हुई हैं।गलत सत्यापन के आधार पर जिनका कार्ड धारकों के कार्ड निरस्त किए जाने की कार्रवाई की गई है उनका पुनः सत्यापन किया जाए और सत्यापन केवल मकान की स्थिति को देखकर न किया जाए बल्कि राशन कार्ड धारक की वास्तविक स्थिति एवं अन्य तथ्यों को दृष्टिगत रखते हुए किया जाए।पालिकाध्यक्ष साहिबा सरफराज ने भी सभासदों की मांग का समर्थन करते हुए कहा कि गलत सर्वे के आधार पर किसी पात्र व्यक्ति का राशन जार्ड निरस्त न किया जाए।ईओ ने अपात्र व्यक्तियों का पुनः सत्यापन कराने एवं जिन व्यक्तियों के राशन कार्ड निरस्त हुए हैं उनके सम्बन्ध में पूर्ति विभाग के अधिकारियों से वार्ता कर उसका उचित हल निकालने का सभासदों को आश्वासन दिया।इस अवसर पर तस्लीम पहलवान,मास्टर सगीर, महमूद अली नायक,एम सगीर, रईस भूरा,मोहम्मद अकील, मेराजुल इस्लाम, मतीन कुरैशी, हाजी हारून, मुन्ना सेठ, रोहित सैनी, गोकुल सिंह,जलीस अहमद, शिव प्रसाद सैनी, अफसर अली, मसरुर अहमद, साकिब सैफी, अशरफ पहलवान आदि मौजूद रहे।

# राजीव सैनी बने भाजपा के नगर गुलावठी मण्डल अध्यक्ष, बधाई देने वालो का लगा तांता



वेलकम इंडिया

**गुलावठी।** भारतीय जनता पार्टी ने भाजपा के वरिष्ठ नेता राजीव सैनी को नगर का मण्डल अध्यक्ष घोषित किया है। राजीव सैनी के मंडल अध्यक्ष के नियुक्त होने की सूचना जैसे ही लोगों को मिली तो भारी संख्या में नगर के भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता व नगर के गणमान्य लोग राजीव सैनी के आवास पर उन्हें बधाई देने के लिए पहुंचे।

भाजपाइयों ने मंडल अध्यक्ष बने राजीव सैनी को फूल माला से लाद दिया एवं राजीव सैनी को मिठाई खिलाकर मंडल अध्यक्ष बनने की शुभकामनाएं दी। इसके अतिरिक्त जिले के भाजपा नेताओं एवं प्रदेश स्तरीय नेताओं ने भी फोन एवं सोशल मीडिया के माध्यम से राजीव सैनी को बधाई दी। रात्रि करीब 9 बजे मंडल अध्यक्षों की सूची जारी हुई। इसके बाद भाजपाई भारी संख्या में राजीव सैनी के आवास पर पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं दी।

शुभकामनाएं देने का सिलसिला देर रात्रि तक जारी रहा। वही राजीव सैनी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी उनको दी है, उसे वह पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ निभाएंगे पार्टी के इस विश्वास पर खरा उतरने का हर संभव प्रयास करेंगे। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष शैलेश तेवतिया व निवर्तमान नगर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र तेवतिया ने नगर मंडल अध्यक्ष बनने पर राजीव सैनी के आवास पर पहुंचकर बधाई व शुभकामनाएं दी, उनके साथ भाजपा कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे। इस मौके पर ब्राहमण सभा के अध्यक्ष त्रिलोक चंद शर्मा, सभासद अनिमेष अगस्तीन, विद्यावती तोमर, उमा चैधरी, मीनू गोयल, मदन गोपाल गुप्ता मक्खन, अमरीश गोयल आदि रहे।

## मोहित अग्रवाल पुनः चांदपुर मंडल अध्यक्ष बने

वेलकम इंडिया



चांदपुर। भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर युवा एवं कर्मस्त कार्यकर्ता पहले भी चांदपुर मंडल अध्यक्ष रह चुके हैं और निष्पक्ष कार्य कर चुके हैं मोहित अग्रवाल चांदपुर में अपनी एक अलग और अच्छी छवि के लिए जाने जाते हैं। तथा युवाओं में उनका चेहरा सबसे पहले आता है। वह सभी की मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। नगर व क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं। इसी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने मोहित अग्रवाल को चांदपुर मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया है यह खबर सुनकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। मोहित अग्रवाल ने पुनः नगर अध्यक्ष बनने पर पार्टी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसपर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करूंगा और संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। मैं पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर काम करूंगा और सभी को साथ लेकर चलूंगा। भाजपा के नेताओं सहित भाजपा कार्यकताओं ने मोहित अग्रवाल को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## जुगनू चौधरी बने भाजपा जिला प्रतिनिधि



**बिजनौर।** भारतीय जनता पार्टी ने युवा एवं कर्मस्त कार्यकर्ता जुगनू चौधरी को जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया। जुगनू चौधरी (प्रदेश कार्यकारी सदस्य भाजपा) अपनी एक अलग और अच्छी छवि के लिए जाने जाते हैं। वह सभी की मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं। इसी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने जुगनू चौधरी को भाजपा जिला प्रतिनिधि मनोनीत किया है यह खबर सुनकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। जुगनू चौधरी ने जिला प्रतिनिधि बनने पर पार्टी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसपर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करूंगा और संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। मैं पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर काम करूंगा और सभी को साथ लेकर चलूंगा।

## लेखपाल पर अपशब्दों का प्रयोग करने व धमकी देने का आरोप कार्रवाई की मांग

**ढेबरुआ/सिद्धार्थनगर।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र के खुरहुरिया गांव निवासी सुभाष चन्द चौधरी ने डीएम व सीएम को पत्र लिख गांव के लेखपाल पर अपशब्दों का प्रयोग करने व धमकी देने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## इंडियन बैंक के लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार एवं पराग लखनऊ मंडल अध्यक्ष शिखा सिंह तोमर ने एमओयू का आदान-प्रदान किया

निर्मल सैनी वेलकम इंडिया




**लखनऊ।** बुधवार को लखनऊ पराग मंडल कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में इंडियन बैंक की ओर से दुग्ध उत्पादन करने वाले किसानों के लिए तैयार किए गए विशेष डिजिटल उत्पाद औपचारिक रूप से एमओयू का हस्ताक्षर उपरांत आदान -प्रदान किया गयो इस कार्यक्रम में पराग मंडल की ओर से महाप्रबंधक विकास बाल्यान एवं इंडियन बैंक की ओर से लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

जिसकी प्रति अंचल प्रबंधक लखनऊ प्राणेश कुमार एवं पराग मंडल अध्यक्ष शिखा सिंह तोमर ने एक दूसरे को प्रदान कीं इस कार्यक्रम में लखनऊ पराग अधिकारी नीलेश कुमार तथा पराग सुपरवाइजर सहित इंडियन बैंक मवई शाखा प्रबंधक अमित वर्मा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे

इंडियन बैंक लखनऊ के अंचल प्रमुख प्राणेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश भारत में सबसे तेज गति से विकास के पथ पर अग्रसर राज्य हैं इसे स्मार्ट सिटी बनाने की दिशा में इंडियन बैंक भी अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा हैं उन्होंने कहा कि इस एमओयू के द्विपक्षीय निष्पादन से हम अपने कृषक ग्राहकों को, जो कि पराग प्लांट में दुग्ध उपलब्ध करा रहे हैं, उन्हें डिजिटल माध्यम से रु. 2 लाख तक कृषि ऋण (किसान क्रेडिट कार्ड) बिना किसी कोलेटरल उपलब्ध करवाने की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे दुग्ध उत्पादन में सहयोग करके किसानों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने एवं पराग तक ज्यादा से ज्यादा दुग्ध उपलब्धता कराने में सहयोग प्रदान किया जा सके।

अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार ने पराग अधिकारियों का स्वागत करते हुए बताया कि आज उत्तर प्रदेश में हमारी कुल 1081 शाखाएं, 536 एटीएम, 4343 बी सी लोकेशन तथा 6469 टच पॉइंट का विस्तृत नेटवर्क है प्राणेश ने कहा कि इंडियन बैंक में ग्राहकों आवश्यकता के अनुसार डिजिटल प्रोडक्ट डिजाइन किए जा रहे हैं ताकि हम ग्राहकों को प्रभावशाली और त्वरित सेवा दे सकें

मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता ने एमओयू की सफलता के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं एवं सभी किसानों को इसका बढ़चढ़ कर लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया।

## निशांत कर्णवाल पुनः नूरपुर मंडल अध्यक्ष बने

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर युवा एवं कर्मस्त कार्यकर्ता के रूप में निशांत कर्णवाल को नूरपुर नगर अध्यक्ष घोषित किया है इससे पहले भी व नूरपुर नगर अध्यक्ष रह चुके हैं और निष्पक्ष कार्य कर चुके हैं।

निशांत कर्णवाल नूरपुर में अपनी एक अलग और अच्छी छवि के लिए जाने जाते हैं। तथा युवाओं में उनका चेहरा सबसे पहले आता है। वह सभी की मदद करने में हमेशा आगे रहते हैं। नगर व क्षेत्र में अपनी अच्छी पकड़ रखते हैं। इसी को देखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने निशांत कर्णवाल को नूरपुर नगर अध्यक्ष नियुक्त किया है यह खबर सुनकर उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई और बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। निशांत कर्णवाल ने पुनः नगर अध्यक्ष बनने पर पार्टी और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझ पर जो विश्वास जताया है मैं उसपर खडा उतरने की पूरी कोशिश करूंगा उन्होंने कहा कि पूरी निष्ठा और ईमानदारी से पार्टी के लिए काम करूंगा और संगठन को मजबूत बनाने में कोई कसर नहीं छोडूंगा। मैं पार्टी कार्यकताओं के साथ मिलकर काम करूंगा और सभी को साथ लेकर चलूंगा। भाजपा के प्रमुख नेताओं सहित भाजपा कार्यकताओं ने निशांत कर्णवाल को बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## डीएम ने योजनाओं को लेकर नगर पंचायत बिस्कोहर सभागार मे की बैठक

वेलकम इण्डिया



**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर के सम्बन्ध में जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में सिद्धार्थ सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने निर्देश दिया कि वार्ड नं0-05 नगर पंचायत बिस्कोहर में 12.जनवरी.2025 को भारत सरकार/उ0प्र0 सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओ का समस्त विभागों द्वारा कैम्प लगाने का निर्देश दिया। समाज कल्याण एवं दिव्यांग विभाग द्वारा पेंशन, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बच्चों का रजिस्ट्रेशन, बाल विकास एवं पुष्टाहार द्वारा पुष्टाहार का वितरण आदि, स्वास्थ्य विभाग द्वारा कैम्प लगाने, जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा राशन कार्ड हेतु, डूडा विभाग द्वारा आवास का रजिस्ट्रेशन का निर्देश दिया। सभी अधिकारीगण स्वयं उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बिस्कोहर को निर्देश दिया कि कैम्प के आयोजन हेतु टेन्ट की व्यवस्था तथा अन्य व्यवस्था कराने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुआं तथा मन्दिरों का सुन्दरीकरण हेतु स्टीमेट तैयार कराकर प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी उमाशंकर, तहसीलदार इटवा, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी देवेन्द्र कुमार पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी महिपाल सिंह, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी राजन तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## ठंड से राहत...

# चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने नगर पंचायत बढ़नी में 80 स्थानों पर जलवायें अलाव

वेलकम इण्डिया



**बढ़नी/सिद्धार्थनगर।** इस कड़कड़ाती ठंड में जनता को राहत देने के उद्देश्य से नगर पंचायत बढ़नी के चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने बुधवार को 80 स्थानों पर अलाव जलाने की व्यवस्था की। यह कदम स्थानीय नागरिकों के लिए बड़ी राहत साबित हो रहा है। नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न चौक-चौराहों, मोहल्ले, सार्वजनिक स्थानों और प्रमुख गलियों में अलाव जलाये गयें।जहां लोग ठंड से बचने के लिए जुट रहे हैं। स्थानीय लोगों ने चेयरमैन के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे ठंड के मौसम में बेहद जरूरी कदम बताया।चेयरमैन सुनील अग्रहरि ने कहा कि हमारी प्राथमिकता है कि कोई भी नागरिक ठंड से परेशान न हो। अलाव की व्यवस्था ठंड से बचाव के लिए की गई है और इसे निरन्तर जारी रखा जायेगा। वहीं स्थानीय निवासी एवं रिक्शा चालक रमेश ने कहा कि अलाव की व्यवस्था से हमें बहुत राहत मिली है। चेयरमैन जी का यह कदम काबिले तारीफ है। वहीं कुसुम देवी ने बताया कि शाम होते ही अलाव जलने से बच्चे और बुजुर्ग आराम से बैठ पाते हैं। आपको बता दें कि सुनील अग्रहरि का प्रयास न केवल ठंड से बचाव बल्कि जनता के प्रति उनकी संवेदनशीलता को भी दशार्ता है।

# आईबीएस एक जटिल पाचनतंत्र विकार : डा गौतम सिंह लम्बरदार

वेलकम इंडिया



**नूरपुर।** इरिटेबल बॉबेल सिंड्रोम (आइ बी एस) पाचनतंत्र का एक विकार है जिसके कारण बार बार पेट दर्द और कब्ज या दस्त के साथ साथ मानसिक स्थिति भी प्रवाहित होती है। ये जानकारी नीलकंठ रिजॅरट चैरिटेबल ट्रस्ट के मैनेजिंग डायरेक्टर डा गौतम सिंह लम्बरदार ने दी।

डा गौतम सिंह लम्बरदार ने आइ बी एस के लक्षणो के विषय मे जानकारी देते हुए बताया कि पेट मे दर्द, जो अक्सर आपके मल त्याग से सम्बंधित या बदलाव होता है। ये बदलाव दस्त, कब्ज या दोनो हो सकते है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि आपको किस प्रकार का आइ बी एस है।

आइ बी एस एक पुराना डिस्ऑर्डर है जिसका सीधा मतलब है कि यह लम्बे समय तक रहता है, अक्सर कई सालो तक भी। हालांकि लक्षण आते आते छुपे रह सकते है।

डा गौतम सिंह लम्बरदार बताते है कि आइ बी एस से पाचनतंत्र के साथ साथ मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित रहता है। इसके मुख्य लक्षणो मे पेट दर्द, मरोड होना, गैस, कब्ज, दस्त, पेट मे जलन, घबराहट, नींद की कमी, बैचैनी, आत्मविश्वास की कमी, और पाचनतंत्र मे सूजन के कारण ऐसा महसूस होना कि आपने पूरा मल त्याग नही किया तथा मल मे सफेद बलगम जैसा होना आदि आदि हो सकते है। मुख्यतः महिलाओ मे मानसिक धर्म के समय आइ बी एस के लक्षण अधिक दिखाई दे सकते है।

डा गौतम सिंह लम्बरदार बताते है कि अगर लंबे समय तक इस बीमारी को अनदेखा किया गया तो यह अधिक गम्भीर हो सकती है। कभी कभी इस बीमारी से मरीज की आंत भी क्षतिग्रस्त हो सकती है साथ ही मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित हो सकता है। हालांकि यह बहुत सामान्य नही होता है। फिर भी आइ बी एस मरीज की दिनचर्या को प्रभावित कर सकती है जिससे मरीज को शारीरिक और मानसिक परेशानियो से गुजरना पड सकता है। मुख्यतः यह बीमारी पुरूषो की तुलना मे महिलाओ मे अधिक होती है। आइ बी एस दुनिया के लगभग 10-15% लोगो को प्रभावित कर रही है। और अन्त मे समझने बाली बात ये है कि आइ बी एस रोग नही है बल्कि कई लक्षणो का समूह है। जो हमारे खराब जीवन-शैली, खानपान, तनाव आदि से होने के लिए उत्तरदायी है।

डा गौतम सिंह लम्बरदार आइ बी एस के उपचार और बचाव के बारे मे बताते है कि आइ बी एस एक सामान्य जटिल विकार हो। जिसके लिए सही उपचार की आवश्यकता होती है। उपचार मे अत्यंत महत्वपूर्ण है इसका निदान। एक चिकित्सक विशेषज्ञ के द्वारा इसके निदान के साथ ही इसके उपचार को सुलभ तरीके से किया जा सकता है। विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श अनुसार दवाईयो और, उचित जीवन शैली, खान-पान मे सुधार, व्यायाम, सुपाच्य भोजन भूख से कम खाना से इस बीमारी को खत्म कर सकते है।

# कर्मचारियों का धरना सातवें दिन भी लगातार जारी रहा

वेलकम इंडिया



- पुलिस प्रशासन ने कर्मचारियों के डेलीगेशन से मुलाकात की मुलाकात के दौरान दोषियों को गिरफ्तार करने के लिए 2 दिन का समय मांगा : मनोज कुमार यादव जेई

**कनीना, हरियाणा।** बुधवार को बिजली निगम कनीना के सभी कर्मचारियों व सभी संगठनो के प्रतिनिधियों का एसडीओ कार्यालय के बाहर सातवें दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रहा। धरने के दौरान सभी कर्मचारियों व सभी संगठनो के प्रतिनिधियों ने मिलकर पुलिस प्रशासन व निगम मैनेजमेंट व सिविल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारे बाजी की। सातवें दिन धरने की अध्यक्षता मनोज कुमार यादव जेई ने की और मंच संचालक आनंद जेई ने किया। मनोज कुमार यादव ने बताया कि पुलिस प्रशासन ने कर्मचारियों के डेलीगेशन से मुलाकात की और मुलाकात के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए 2 दिन का समय मांगा है। जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती तब तक धरना प्रदर्शन जारी रहेगा। आनंद जेई ने बताया कि धरने के दौरान कर्मचारियों ने कार्यकारी अभियंता महेंद्रगढ़ के खिलाफ भी जमकर नारे बाजी की। आनंद जेई ने बताया कि कार्यकारी अभियंता महेंद्रगढ़ ने कनीना सब डिवीजन के धरने में आज तक शामिल हुए और ना ही कभी पीड़ित कर्मचारियों से मुलाकात की जोकि कार्यकारी अभियंता महेंद्रगढ़ का एक रवैया दशार्ता हैं कि वे अपने कर्मचारियों के प्रति कितने गंभीर है। मंगलवार को उपमंडल अधिकारी नागरिक कनीना को ज्ञापन देते समय लिए गए फैसले के दौरान महेंद्रगढ़ डिवीजन के तहत आने वाले सभी डिवीजन के कर्मचारियों के द्वारा 2 घंटे का विरोध प्रदर्शन अपने अपने उपमंडलों के सामने किया।

सभी कर्मचारियों ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर कोई कठोर कदम उठाने पर मजबूर होंगे। कर्मचारियों को मजबूरन कोई कठोर कदम उठाने होंगे। जिसकी जिसकी सारी जिम्मेदारी निगम मैनेजमेंट व पुलिस प्रशासन की होगी। इस मौके पर केंद्रीय नेता महावीर पहलवान, मंच संचालक महेश गोमला सर्कल सैक्ट्री, शिव कुमार यादव एपीएस एचसइवी यूनियन, मंच संचालक शंकर लाल जेई, राजेंद्र कपूरी एससीबीसी यूनियन, मनोज कुमार जेई यूनिट सचिव, हवा सिंह सब यूनिट प्रधान, संदीप एएफएम, आनंद जेई, राकेश एएफएम, महेंद्र अलम, विकास पूर्व प्रधान, पवन एअलम, मनोज कुमार एअलम सीसी, धर्मवीर एअलम, संजय कुमार एअलम सहित अन्य बिजली कर्मचारी उपस्थित मौजूद रहे।

# राज्य सरकार से धोखाधड़ी करने पर दर्ज होगा मुकदमा : जिलाधिकारी देहरादून

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** राज्य सरकार से धोखाधड़ी राजस्व वसूली चेक बाउंस एवं राजकीय कार्यों में बाधा पहुंचने पर हुई एफ आई आर जिलाधिकारी ने कार्यवाही वसूली की 2.5 करोड़ के चेक बाउंस होने पर संजीव थपलियाल पर एफआईआर दर्ज कराई जिला अधिकारी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी सदर एवं तहसीलदार सदर को वसूली को तेजी से लागू करने के लिए बोला सुनियोजित संयंत्र के तहत तहसीलदार को दिया 2.5 करोड रुपए का चेक हुआ बाउंस जनपद में राजस्व वसूली पर जिलाधिकारी देहरादून ने सभी उप जिलाधिकारी एवं तहसीलदारों को खड़े निर्देश दिए गए जिसके क्रम में जनपद में लगातार संबंधित अधिकारियों द्वारा तेजी से कार्य किया जा रहा है बड़े बकैडरों अचल संपत्ति कुर्क एवं नीलामी प्रक्रिया को संपादित कर राजस्व संग्रह किया जा रहा है वहीं उप जिलाधिकारी सदर कुमकुम जोशी द्वारा शहर में बड़ी बकैडरों पर निरंतर वसूली की कार्रवाई की जा रही है जिलाधिकारी के निर्देशन पर 10 करोड़ के वाकदर संजीव थपलियाल पर राज्य सरकार से धोखाधड़ी राजस्व वसूली चेक बाउंस एवं राजकीय कार्य में बाधा पहुंचने पर एफआईआर दर्ज की गई तहसील सदर के प्रांगण में कुर्कशुदा अचल संपत्ति को सार्वजनिक रूप से नीलाम किया गया जिसमें कुल 04 बोलीदार सौरभ मांग गई नीरज सिंह नेगी गोपाल दत्त भारद्वाज तथा संजीव थपलियाल उपस्थित हुए थे नीलामी की प्रक्रिया से पूर्व उपस्थित बोली दाताओं के समक्ष नीलामी की शर्तों को पढ़ा गया था नीलामी सर्वप्रथम मौज चक अजबपुर कल के 04 खसरा नंबरों के कुल रकबा 0.1472 हेक्टर हेतु संपन्न कराई गई उपस्थित बोली दाताओं में से सर्वोच्च बोली डाटा संजीव थपलियाल निवासी फाइव फ्रेंड्स एनक्लेव शाह नगर पोस्ट ऑफिस डिफेंस कॉलोनी देहरादून द्वारा रुपए मोबाइल 10 करोड रुपए मात्रा की बोली लगाने पर उसके नाम पर नीलामी छोड़ छोड़ी गई नीलम की शर्तों के अनुसार संजीव थपलियाल द्वारा कल नीलामी धनराशि का 1 /4 भाग अर्थात रुपए दो करोड़ 50 लख रुपए मंत्र का चेक जो कि तहसीलदार सदर देहरादून के पक्ष में दे था को उसी दिन नीलामी के तुरंत

**जिलाधिकारी के निर्देशन पर 10 करोड़ के वाकदर संजीव थपलियाल पर राज्य सरकार से धोखाधड़ी राजस्व वसूली चेक बाउंस एवं राजकीय कार्य में बाधा पहुंचने पर एफआईआर दर्ज की गई**

बाद उपलब्ध करा दिया गया था किंतु उसके द्वारा उक्त चेक के भुगतान का स्टॉप पेमेंट कर दिया गया है जिस कारण राज्य सरकार की ओर से राज्यहित वह राजस्व वसूली की कार्रवाई बाधित हुई नीलामी प्राप्तकर्ता संजीव थपलियाल द्वारा जानबूझकर उक्त प्रक्रिया में सम्मिलित होते हुए नीलामी अपने नाम ली और फिर समस्त की गई प्रक्रिया को एक सुनियोजित संयंत्र के तहत पहले चेक दिया और फिर उसे चेक का स्टाफ पेमेंट कर दिया जो की स्पष्ट रूप से राज्य सरकार के साथ धोखाधड़ी करते हुए सरकार को राजस्व वसूली में बाधा उत्पन्न करते हुए राजकीय कार्य बाधित किया इस प्रकार उक्त संजीव थपलियाल का उक्त कृत्य एक गंभीर प्रवृत्ति का अपराध है

जो बकायेदार के साथ मिलकर उक्त अपराधिकृत करने की संभावना व्यक्त करता है उकतानुसार संजीव थपलियाल के विरुद्ध धोखाधड़ी राजकीय कार्य में बाधा व लोक सेवक के साथ कपट करने के कारण बीएस 2024 के अंतर्गत अपराध पंजीकृत किया गया।

# प्रधानमंत्री ने आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार उत्तराखंड राज्य के विकास में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी: धामी

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** दिल्ली दौर से लौट के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपनी मुलाकात के बारे में जानकारी साझा की उन्होंने बताया कि इस भेंट में राज्य के विकास से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाओं पर चर्चा हुई और प्रधानमंत्री का बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त हुआ मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय खेलों खेलो के लिए उत्तराखंड आने का औपचारिक निमंत्रण दिया उन्होंने राज्य के खेलों के आयोजन के लिए चल रही तैयारी और इससे युवाओं को मिलने वाले लाभों के बारे में भी चर्चा की इसके साथ ही उन्होंने राज्य में पर्यटन रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के संबंधित विभिन्न योजनाओं का हक्का प्रस्तुत किया और उसके लिए केंद्र सरकार से सहयोग का अनुरोध किया मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को शीतकालीन यात्रा के महत्व और इसे लेकर श्रद्धालुओं के उत्साह के बारे में भी अवगत कराया उन्होंने कहा कि इस बार शीतकालीन यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हो रहे हैं जिससे राज्य के पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहन मिल रहा है मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को शीतकालीन प्रवास के लिए भी आमंत्रित किया इस पर प्रधानमंत्री ने सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्ति की ओर सहमति जताई मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री ने राज्य की योजनाओं और शीतकालीन यात्रा को लेकर उत्साह दिखाया और आश्वासन दिया कि केंद्र सरकार राज्य के विकास में हर संभव सहयोग प्रदान करेगी उन्होंने कहा कि यह मुलाकात राज्य की उन्नतिऔर योजनाओं को गति देने में सहायक सिद्ध होगी मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन और सहयोग राज्य के लिए प्रेरणादायक है और इससे राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जाने में मदद मिलेगी।

# डॉ.मुक्ता कौशिक व डॉ.आशीष नायक सामाजिक समरसता सम्मान से सम्मानित



वेलकम इंडिया

**नई दिल्ली।** 8 जनवरी ।प्रसिद्ध साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डॉ.मुक्ता कान्हा कौशिक को अभनपुर,रायपुर में सामाजिक समरसता गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया।

शिक्षाविद् डॉ. मुक्ता कान्हा कौशिक को यह सम्मान गायत्री विद्या पीठ,अभनपुर,रायपुर में आयोजित सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास,पीठाधीश दूधाधारी मठ रायपुर, एवं डॉ. सियाराम साहू,अधिष्ठाता ,उद्यानिक विश्व विद्यालय दुर्ग एवं समिति के संयोजक डॉ.सुखदेव साहू 'सरस' ने निर्स्वार्थ भाव से सामाजिक दायित्व का निर्वहन एवं शैक्षिक साहित्यिक क्षेत्र से उल्लेखनीय कार्य के लिए शॉल,श्रीफल,सम्मान पत्र प्रदान कर सामाजिक समरसता गौरव सम्मान से सम्मानित किया ।उल्लेखनीय है कि डॉ. मुक्ता कौशिक को पूर्व में भी साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय सम्मान व उपाधियों से नवाजा जा चुका है ।इस अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में धमतरी क्षेत्र में विशेष कार्य हेतु राज्यपाल से पुरस्कृत डॉ.आशीष नायक को भी शॉल ,श्रीफल, सम्मान पत्र प्रदान कर सामाजिक समरसता गौरव सम्मान से नवाजा गया। इस अवसर पर डॉ.रजनी नेशन पूर्व डीओ, डॉ.सोनाली चतुवेर्दी, छत्तीसगढ़ी साहित्य समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ साहित्यकार कान्हा कौशिक, नागेंद्र नायक, डॉ बी.जी. नायर, डॉ अरुण दुबे डॉ. कमल नारायण गजपाल, डॉ. आभा दुबे सहित अनेक वरिष्ठ साहित्यकार, डॉ.,शिक्षाविद, समाज सेवक उपस्थित रहे।



## पनिरीक्षक से निरीक्षक बने दुर्वेश सिंह, एसपी और सीओ ने स्टार लगाकर किया अलंकृत

**हाथरस।** पुलिस अधीक्षक चिरंजीव नाथ सिन्हा एवं क्षेत्राधिकारी नगर योगेन्द्र कृष्ण नारायण द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय पर उपनिरीक्षक दुर्वेश सिंह के निरीक्षक पद पर पदोन्नति होने पर पर उनके कंधे पर स्टार लगाकर अलंकृत किया तथा बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई ।

# मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडवीया से शिष्टाचार भेंट की

वेलकम इंडिया



**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री श्री मनसुख मांडवीया से शिष्टाचार भेंट कर उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारी के बारे में जानकारियां साझा की मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के 38 वे संस्करण की मेजबानी का सौभाग्य उत्तराखंड को प्राप्त हुआ है मुख्यमंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी और केंद्रीय खेल मंत्री का आभार व्यक्त किया उन्होंने कहा कि 28 जनवरी के 14 फरवरी 2025 तक चलने वाले राष्ट्रीय खेलों के इस महापर्व में भारत के विभिन्न प्रांतो से आए लगभग 10000 से अधिक कुशल खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभा किया जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में राष्ट्रीय खेलों के आयोजन के लिए काफी तैयारी की गई है राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से उत्तराखंड मैं खेल संस्कृति का विकास होगा प्रदेश में खेल अवस्था अपना आत्मक सुविधाओं का इस प्रकार विकास किया जा रहा है कि राज्य के खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधा मिल सके मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जनपद अल्मोड़ा केबिना पानी में उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं हाई इंस्टिट्यूट सेंटर के निर्माण और प्रत्येक विकासखंड स्तर पर खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किए जाने हेतु एक-एक बहुत-बहुत उद्देश्य सपोर्ट हाल की स्थापना के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने का अनुरोध किया मुख्यमंत्री ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट कॉलेज परिसर में स्थित आइस स्केटिंग रिंग के संचालन के लिए पूर्व में प्रेषित प्रस्ताव पर स्वीकृति के साथ ही राज्य सरकार द्वारा जनपद नई टिहरी स्थित शिवपुरी में संचालित साहसिक प्रशिक्षण केंद्र के ऊंची कारण के लिए भी धनराशि की स्वीकृत किए जाने का अनुरोध किया मुख्यमंत्री ने केंद्रीय मंत्री से जिला चंपावत में महिला स्पोर्ट कॉलेज की भूमि पर इंदौर आर्टिफिशियल रॉक क्लाइंबिंग बाल के निर्माण के लिए वित्तीय सहायता का आग्रह किया अतः आपको सादर अनुरोध किया कि राज्य के खिलाड़ियों को उच्च स्तरीय खेल सुविधाओं हेतु उपरोक्त प्रस्तावों पर स्वीकृति निर्गत करने का कष्ट करें आपकी इस सहायता से प्रदेश के खिलाड़ियों के मनोबल एवं उत्साह को नई ऊर्जा प्रदान होगी केंद्रीय खेल मंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में खेल अवस्थापनात्मक सुविधाओं के विकास के लिए केंद्र से हर संभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश का खंड विकास अधिकारी उत्तराखंड में कर रहा है भाजपा का चुनाव प्रचार




वेलकम इंडिया

**देहरादून।** आजकल उत्तराखंड में निकाल चुनावों की सरगर्मी जो ऊपर है सभी पार्ट 2 के प्रत्याशी पूरे दम खम के साथ अपने अपने छेत्र के वोटरों को लुभाने में लगे हुए हैं रूठों को मनाने में लगे हुए हैं पर एक दिलचस्प बातों की जिला सहारनपुर में कार्यरत एक खंड विकास अधिकारी जो देहरादून का निवासी है और सहारनपुर के ब्लॉक साड़ोली कदीम मे कार्यरत था वह देहरादून में निकाय चुनावों में बढ़-चढ़कर भारतीय जनता पार्टी का प्रचार प्रसार करने में लगा हुआ है वह आजकल ड्यूटी पर भी ना जाकर अपने वार्ड में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की रात दिन चुनाव में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहा है सरकारी अधिकारी भी अपने पद और गरिमा से हटकर कार्य करेंगे तो फिर संविधान का क्या होगा इसलिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्रियों की आदित्यनाथ जी और पंचायती राज मंत्री कैसा प्रसाद मौर्या जी इस मामले का संख्या लेते हुए इस ठंड विकास अधिकारी को बर्खास्त करे।

# नवागत उपजिलाधिकारी कुणाल ने संभाला इटवा तहसील का कार्यभार

वेलकम इंडिया



**इटवा/सिद्धार्थनगर।** नवागत उपजिलाधिकारी कुणाल ने बुधवार को तहसील इटवा का कार्यभार संभाल लिया। आपको बता दें कि कुणाल उपजिलाधिकारी न्यायिक बांसी तहसील से यहां (इटवा) आये हैं।उन्होंने एक भेंटवार्ता में बताया कि शासन के मंशानुसार तय गाइडलाइन के आधार पर कार्य को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसमें राजस्व, खसरा, फार्मर रजिस्ट्री, विकास, शत्रु सम्पत्ति का चिन्हांकन, आईजीआरएस आदि कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जायेगा।उन्होंने आगे बताया कि फरियादियों को न्याय देना उनका प्रमुख उद्देश्य है।शासन के मंशानुसार प्रशासनिक कार्यों को पूरा करने के साथ कानून व्यवस्था चुस्त दुरूस्त रखी जायेगी।इसके साथ ही बार और बेंच में पूर्ण रूप से सामंजस्य बना करके रखेंगे।ज्ञात हो कि यहां तैनात रहे उप जिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य का नौगढ़ तहसील स्थानान्तरण हो गया। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 ने 08 जनवरी 2025 को सात उपजिलाधिकारियों के कार्यक्षेत्र में जनहित और प्रशासनिक आधार पर फेरबदल कर दिया है।इस स्थानान्तरण में यहां तैनात रहे उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य को नौगढ़ तहसील का कार्यभार सौंपा गया है।कल्याण सिंह मौर्य का इटवा में 06 माह 17 दिन का कार्यकाल बीता है।जिसमें उन्होंने 40 वर्षों से भूमि विवाद के लम्बित मामलों को निपटाया है। उनके द्वारा आईजीआरएस पर पंजीकृत जनसमस्याओं आदि का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण से ही इटवा को प्रथम स्थान मिला था।

# दस दिवसीय बैसी जागर को लेकर भक्तों ने निकाली भव्य कलश यात्रा

वेलकम इंडिया



**गरुड़।** दिनेश नेगी, विकास खण्ड गरुड़ के कज्यूली गांव में दस दिवसीय बैसी जागर देखने को कत्यूर घाटी के दर्जनों गांवों से लोग पहुंच रहे है। वैसी जागर में जहा ग्रामीण भक्तों, महिलाओं द्वारा हरज्यू देवता मंदिर से बैजनाथ मंदिर, कार्तिकेश्वर मंदिर तक भव्य कलश यात्रा निकाली। वही दूसरी तरफ कज्यूली गांव के निवासियों द्वारा संयुक्त रूप सेदस दिवसीय बैसी पूजा का आयोजन किया जा रहा है। बैसी जागर में हरज्यु की गाथा सुनाई जाती है ।समस्त गरुड़ क्षेत्र सहित ग्रामवासियों की खुशहाली की कामना के लिये यह आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण चंदन सिंह नेगी द्वारा बताया कि जहां आज की युवा पीढ़ी टिक टॉक और ऑनलाइन गेम में व्यस्त रहती हैं। वही ऐसे आयोजनों से युवा पीढ़ी को हमारी प्राचीन संस्कृति के बारे में सीखने को मिलता है।प्रमोद सिंह ने बताया कि वैसी जागर में ग्रामीण ही नहीं बल्कि जो लोग गांव से पलायन कर चुके थे, ओ भी अपने परिवार संग इस कार्यक्रम में आ रहे हैं।

# पालड़ीछीना-कनगाड़छीना मोटर मार्ग का जल्द निर्माण कराने की मांग मुखर

वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,** गोविन्द मेहता,स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय महेंद्र सिंह करायत के नाम पर स्वीकृत पालडीछीना - जैनकरास मोटर मार्ग में लगातार संघर्ष के बाद लोनिवि द्वारा सड़क की सुध ली गई है ।पालड़ीछीना - कराला पालड़ी-चनोली -जैनकरास - कंगाड़छीना लिंक मोटर मार्ग का निर्माण ताकुला मोटर मार्ग तक जोड़ने को लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी फौजी फतेह सिंह करायत लगातार संघर्ष कर सड़क मार्ग की मांग कर रहे हैं ।वही जिला प्रशासन से लेकर मुख्यमंत्री तक सड़क की मांग के बाद सड़क पर निर्माण कार्य किया जा रहा है ।फौजी फतेह सिंह ने बताया कि मोटर मार्ग का कनगाड़छीना मिलान को लेकर पूर्व में आमरण अनशन भी किया जा चुका है ।सड़क निर्माण को लेकर पूर्व विधायक और कैबिनेट मंत्री स्व.चन्दन राम दास के संकल्पों को सरकार के द्वारा जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया गया ।लगातार मांग के बाद स्थानीय विधायक पार्वती दास द्वारा जल्द सड़क को अंतिम विंदु तक पहुचाने का आश्वासन दिया गया ।जिसके बाद मोटर मार्ग में जिला योजना से आधे किमी तक का डामरीकरण कार्य का शुभारंभ हुआ है ।उन्होंने कार्यदाई संस्था लोनिवि से सड़क में गुणवत्तापूर्ण डामरीकरण किए जाने की मांग की। बताया कि शीघ्र ही जिला योजना से स्वीकृत करास से जैन गांव तक 600 मीटर पहाड़ कटान का कार्य भी शुरू होने वाला है जिसकी भी निविदा हो चुकी है इसके बाद 1700 मीटर सड़क वित्तीय स्वीकृति के लिए शासन में लंबित है। फतेह सिंह ने सड़क निर्माण के लिए विधायक पार्वती दास से शीघ्र शासन स्तर से सड़क का कनगाड़छीना एनएच मोटर मार्ग तक सड़क का निर्माण किए जाने की मांग की है।



# विद्युत विभाग ने ग्रामीण क्षेत्र में डोर-टू-डोर चैंकिग अभियान चलाया

## विद्युत बिल बकाया होने के कारण 148 उपभोक्ताओं के संयोजनों को विच्छेदित किया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत महेश उपाध्याय, अधिशासी अभियन्ता के नेतृत्व में विशेषकर विद्युत उपकेन्द्र, मोदी स्टील, मोदीनगर से पोषित हाई लाईन लॉस ग्राम कलछीना, मोदीनगर एवं विद्युत उपकेन्द्र, पतला निवाडी, मोदीनगर से पोषित ग्राम कुसैड़ी एवं निवाडी, मोदीनगर में डोर-टू-डोर चैंकिग अभियान चलाया गया। जिसमें 254 नं0 परिसरों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान 04 नं० धारा 135 (ए०) एवं 20 नं० धारा 138 (बी0) के अन्तर्गत सम्बन्धित थाने में प्राथमिकी दर्ज कराने हेतु अग्रिम कार्यवाही की गयी तथा चेकिंग अभियान के दौरान विद्युत बिल बकाया होने के कारण 148 नं0 उपभोक्ताओं के संयोजनों को विच्छेदित करते हुए 38 नं० उपभोक्ताओं के परिसरों से मीटर उतारे गये एवं मौके पर धनराशि रु० 11.10 लाख की राजस्व वसूली की गयी। इसके अतिरिक्त प्रदेश में दिनांक 15.12.2024 से लागू घरेलू/वाणिज्य/निजी संस्थान एवं औद्योगिक श्रेणियों के संयोजनों हेतु एकमुश्त समाधान योजना के बारे में उपभोक्ताओं को जानकारी दी गयी। खण्ड के अन्तर्गत आज दिनांक 08.01.2025 तक एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तर्गत 6757 नं० उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर, धनराशि रू0 656.35 लाख का विद्युत बिल का भुगतान कर योजना का लाभ प्राप्त किया। अधिशासी अभियंता महेश उपाध्याय ने विद्युत वितरण खण्ड, मोदीनगर के अन्तर्गत समस्त सम्मानित उपभोक्ताओं से अपील है कि आगामी दिनांक 15.12.2024 से लागू योजना का द्वितीय चरण दिनांक 15.01.2025 को समाप्त हो रहा है, इसलिए जल्दी आयें एकमुश्त भुगतान कर ज्यादा लाभ पायें₹ एकमुश्त समाधान योजना 2024-25 के अन्तर्गत अपने-अपने विद्युत संयोजनों पर बकाया धनराशि को जमा कर, सरचार्ज की धनराशि पर छूट का लाभ प्राप्त करें। साथ ही साथ उन व्यक्तियों से भी विशेष अनुरोध है जो बिना संयोजन स्वीकृत कराये सीधे विद्युत चोरी कर रहे है, विभाग में आवेदन कर संयोजन स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में जो अभियान चलाये जा रहे है, अभियान के दौरान यदि किसी उपभोक्ता पर अधिक बकाया मिलता है, सीधे विद्युत चोरी करते हुए पाया जाता है और बकाये पर अस्थायी रूप से विच्छेदित संयोजन चलते पाये जाते है तो उनके विरुद्ध जैसे बकाये पर विद्युत विच्छेदन, अधिक बकाया होने पर मीटर उतारना, सीधे विद्युत चोरी करने पर धारा 135 के अन्तर्गत प्राथमिकी तथा बकाया होने पर विच्छेदित किये गये संयोजन चलता पाया जाता है तो धारा 138 के अन्तर्गत थाना एण्टी पावर थैप्ट, में प्राथमिकी दर्ज कराकर, विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

साथ ही साथ 33/11 के०वी० विद्युत उपकेन्द्र, मोदी स्टील, मोदीनगर से पोषित 11 के०वी० कलछीना, मोदीनगर पर विद्युत पोल स्थापित करने का कार्य किया जायेगा। जिसके कारण 11 के०वी० कलछीना, मोदीनगर पोषक से पोषित ग्राम काजमपुर, दौसा बंजारपुर, आबिदपुर मानकी, कलछीना एवं नंगलाबेर, मोदीनगर के उपभोक्ताओ की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## भाजपा शहर व देहात मंडल अध्यक्षों की घोषणा होने के बाद अध्यक्षों को बधाई देने वालों का लगा तांता



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से मोदीनगर व मुरादनगर के शहर व देहात मंडल अध्यक्षों की मंगलवार देर रात घोषणा होने के बाद अध्यक्षों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। वहीं दूसरी ओर सोशल मीडिया के जरिये संगठनात्मक चुनाव में हुई नियुक्ति को लेकर भ सवाल उठाए गये। संगठन की ओर से मोदीनगर शहर मंडल के अध्यक्ष पद पर 20 से अधिक लोगों ने नामांकन किया था, जिसमें महेश मार्ग निवासी आकाश शर्मा को अध्यक्ष बनाया गया। भोजपुर मंडल की कमान दीपक गुर्जर व सीकरी महामाया मंडल के अध्यक्ष पद पर रोहित तोमर, मोदीनगर देहात से सचिन त्यागी चुने गये। जिलाप्रतिनिधि पद पर प्रदीप सैनी, रोहित खटीक, आदेश शर्मा, नवीन जायसवाल को घोषित किया गया। इसके अलावा मुरादनगर देहात मंडल के अध्यक्ष पर विपिन चौधरी व शहर अध्यक्ष पर राहुल गोयल की नियुक्ति की गयी। बधाई देने वालो में पार्टी की क्षेत्रीय विधायक डा मंजू शिवाच, अमित चौधरी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष स्वदेश जैन, जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र चौधरी, भाजपा युवा मोर्चा के महामंत्री सभासद ललित त्यागी, किसान मोर्चा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवेंद्र चौधरी डायमंड, सेक्टर संयोजक रोहित कुमार सक्सेना प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दौलत राम जांगिड़, सभासद बलराज सिंह गुर्जर, जिला सह मीडिया प्रभारी आकाश तायल, सभासद कृष्णराज सेन, मोनू सेन, रोहित खटीक अजय सेन. महामाया मंडल अध्यक्ष रोहित तोमर, महामाया जिला प्रतिनिधि रोहित खटीक आदि रहें।

## गर्म पानी की बाल्टी में गिरा मासूम, उपचार के दौरान मौत

**गाजियाबाद।** लोनी इलाके से बड़ी ही दर्दनाक खबर सामने आई है। लोनी बार्डर थानाक्षेत्र की अमित कालोनी में एक दो साल का बालक गर्म पानी से भरी बाल्टी में गिरकर बुरी तरह झुलस गया। बच्चे को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने 13 दिन तक बच्चे को बचाने के खूब प्रयास किए लेकिन सारे प्रयास नाकाम हो गए और आखिर बच्चे ने देर रात दम तोड़ दिया। मासूम की मौत से परिवार का बुरा हाल है। उसकी मां बार- बार अपने बच्चे की नादानियां याद कर बेहोश हो जाती है। अमित विहार कालोनी में अरविंद पाल अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह दिल्ली की एक फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। घर में पत्नी अन्नू और दो बेटे, पांच साल का लविश और दो साल का विराज हैं। अरविंद के मुताबिक 25 दिसंबर को उनके काम पर जाने के बाद दो साल का विराज खेलते हुए गर्म पानी की बाल्टी में जा गिरा। मां अन्नू ने दौड़कर बच्चे को बाल्टी से निकाला, लेकिन पानी काफी गर्म होने के कारण विराज काफी झुलस गया था। अन्नू ने तत्काल अरविंद को सूचना दी और परिजन विराज को लेकर नजदीकी अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने विराज की गंभीर हालत को देखते हुए तत्काल दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया। जीटीबी अस्पताल से बाद में विराज को एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स के डॉक्टरों ने भी विराज को बचाने के खूब प्रयास लेकिन सब बेकार हो गए। उपचार 13 दिनों बाद देर रात विराज ने दम तोड़ दिया। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा का कहना है कि परिजनों ने पुलिस को मामले की सूचना दी है, मामले में कोई शिकायत जैसी बात नहीं है।

## ठंड में त्वचा खुश्क होने और शरीर में खुजली के मरीजों बढ़ी संख्या

**गाजियाबाद।** ठंड में त्वचा खुश्क होने और शरीर में खुजली के मरीजों की समस्या बढ़ गई है। अस्पतालों में त्वचा रोग विभाग की ओपीडी में 60 फीसदी मरीज इसकी शिकायत लेकर पहुंच रहे हैं। ऐसे मरीजों को ओपीडी से इलाज देकर सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है। सर्दियों के मौसम में त्वचा रूखी और बेजान होने लगती है। इससे शरीर में खुजली भी होने लगती है। बुधवार को एमएमजी अस्पताल में 1861 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। इनमें 938 महिलाएं, 639 पुरुष और 284 बच्चे शामिल रहे। कुल 356 मरीज त्वचा रोग विभाग में पहुंचे। इनमें 227 मरीज त्वचा पपड़ीदार होने, स्किन पर लालिमा दिखने, त्वचा खुरदरी होने खुजली, शरीर में दरारें और चुभन या जलन की शिकायत लेकर आए। इन्हें ओपीडी से इलाज और दवा दी गई। एमएमजी अस्पताल की डमेटीलॉजिस्ट डा. दिव्या द्विवेदी ने बताया कि त्वचा की नियमित देखभाल से पूरी सर्दियों में नरम, चिकनी और जीवंत बनाए रखा जा सकता है। हर साल ठंड के महीनों में त्वचा को सेहतमंद रखने और रूखी-फटी त्वचा से बचने डॉक्टर की सलाह पर स्किन प्रोडेक्ट का इस्तेमाल करना चाहिए। सर्दी के मौसम में खुश्क त्वचा और खुजली के 60 फीसदी मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। इन्हें उपचार के साथ कुछ सावधानियां बरतने की भी सलाह दी जा रही है। ठंड में सामान्य देखभाल से ही त्वचा को स्वस्थ रखा जा सकता है। ठंड बढ? पर जरूरत पड? पर ही घर से निकलें। शरीर को पूरी तरह से गर्म कपड़ों से ढक लें। खासतौर से नाक, कान, गला और हाथ-पैर को। सर्दी में प्यास कम लगती है, लेकिन ठंड में दिनभर गर्म या गुनगुना पानी ही पिएं। शरीर को गर्म रखने के लिए चाय के अलावा लैमन टी, ग्रीन टी, ब्लैक टी या सूप का सेवन करें।

# एनडीआरएफ द्वारा मोदी कॉलेज के छात्रों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन की ट्रेनिंग दी

वेलकम इंडिया




**मोदीनगर।** जिलाधिकारी गाजियाबाद के निदेशांनुसार डॉक्टर केएन मोदी साइंस एंड कॉमर्स कॉलेज मोदीनगर गाजियाबाद में एनडीआरफ गाजियाबाद की बटालियन द्वारा छात्रों और शिक्षकों को आपदा प्रबंधन के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया ।एनडीआरएफ की बटालियन की निरीक्षक श्रीमती रश्मि के नेतृत्व में बटालियन की टीम द्वारा आपदा के समय किस प्रकार आपदा में फंसे किसी भी व्यक्ति को कैसे त्वरित सहायता कर सकते हैं जैसे भूकंप के समय, बाढ़ के समय ,किसी को चोट लगने पर खून का रिसाब नहीं बंद हो रहा है या हार्ट अटैक आने की स्थिति में ,कहीं बिल्डिंग गिर जाने की स्थिति में भूकंप आने पर बाढ़ की स्थिति में हम कैसे स्वयं सुरक्षित रह सकते हैं और दूसरों की कैसे सहायता कर सकते हैं विभिन्न तरीकों से विस्तार पूर्वक प्रदर्शन के माध्यम से सभी छात्रों और शिक्षकों को अवगत कराया एनडीआरएफ का मुख्य कार्य आपदाओं के दौरान विशेष प्रतिक्रिया प्रदान करना है। सामान्य परिस्थितियों के दौरान एनडीआरएफ कठोर प्रशिक्षण नियमित अभ्यास और मॉक ड्रिल के माध्यम से अपने कौशल को उन्नत करता है कुछ छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान यह सब क्रियाएं छात्रों की टीम बनाकर आपस में प्रयोग करके सीखी। सभी छात्रों को यह संकल्प दिलाया कि अब भी किसी आपदा के दौरान किसी की सहायता किस प्रकार करोगे जितनी भी सहायता आपदा में फांसी व्यक्ति की हम कर सकते हैं उतनी करनी चाहिए।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जुटे

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** 12 जनवरी को होने जा रहे स्वामी विवेकानंद जयंती एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद का वार्षिकोत्सव को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता जुटे हुए हैं ।जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना ने बताया कि अजनारा इन्टीग्रिटी क्लब हाउस, राजनगर ऐक्सतेंशन , गाजियाबाद में स्वामी विवेकानंद जयंती एवं अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जनपद गाजियाबाद का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जितेंद्र नाथ सिंह प्रयागराज, विशिष्ट अतिथि के रुप में राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष महेन्द्र कुमार सक्सेना दिल्ली, सयुंक्त राष्ट्रीय महामन्त्री / प्रभारी प्रान्तीय मन्त्री विपिन जौहरी बदायूं, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ श्रीमती रेखा श्रीवास्तव दिल्ली, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी के सक्सेना, प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश पश्चिम आनन्द कुमार जौहरी मेरठ, सेवानिवृत्त, जिला जज गाजियाबाद , नीरज निगम एवं अध्यक्ष ऐ ओ ऐ लक्जूरिया ऐस्टेट, आदित्य वर्ल्ड सिटी, गाजियाबाद रहेगे। जिला अध्यक्ष दया शंकर सक्सेना के अनुसार इस कार्यक्रम में जिला गाजियाबाद से चित्रांश / कायस्थ समाज के मेधावी छात्र- छात्रों, खेल जगत से भाग लेने व पुरस्कार प्राप्त एवं अन्य क्षेत्रों से कीर्तिमान प्रतिभाशाली युवाओं को पुरस्कारों के साथ सम्मानित किया जायेगा और गरीब कन्याओं को आर्थिक सहायता भी दी जायेगी।

## नगर पंचायत निवाड़ी के विकास कार्यों को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर।** नगर पंचायत निवाड़ी के सभासदों एवं किसान यूनियन के कार्यकताओं ने नगर पंचायत निवाड़ी में विकास कार्य न होने से उप जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौपा। भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सत्येंद्र त्यागी ने बताया कि नगर पंचायत निवाड़ी में अधिशासी अधिकारी द्वारा अपने ऑफिस में ना आने नगर पंचायत निवाड़ी के विकास कार्यों में ध्यान ना देना, कस्बा निवाड़ी में जर्जर हो चुकी सभी सड़कों, सर्दियों के समय में अलाव की व्यवस्था न होना, तालाबों की सफाई न होने से तालाबों में बदबू होना के कारण कस्बे में बीमारी फैलने के डर, कस्बा निवाड़ी में जन सुविधा केंद्र कस्टमर सर्विस सेंटर निवाड़ी में केवाईसी मोबाइल से आधार कार्ड लिंक करने के किसानों से डेढ़ सौ रुपए लिए जाना, जो कि किसानों के साथ लूट को लेकर भारतीय किसान यूनियन 'किसान सभा' के नेतृत्व में ज्ञापन सौपा। उप जिलाधिकारी को शिकायती करने वालों में वालों में सत्येंद्र त्यागी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भारतीय किसान यूनियन किसान सभा, पूर्व जिला पंचायत सदस्य संदीप जिंदवाल, सभासद मांगू केवट, राजकुमार त्यागी, विक्की त्यागी, जगदीश वाल्मीकि, कादर खान, सुबोध त्यागी, रतन त्यागी, आलोक कुमार, सतीश कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर दो लोगों से 26 लाख रुपये की ठगी

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** साइबर पुलिस के तमाम प्रयासों के बाद भी शातिर साइबर फ्रॉड को अंजाम देने में कामयाब हो जा रहे हैं। वसुंधरा और इंदिरापुरम निवासी दो लोगों से शातिरों ने शेयर ट्रेडिंग से कमाई कराने के नाम पर क्रमशः 21 और पांच लाख रुपये ठग लिए। दोनों पीड़ितों ने साइबर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। दोनों ही मामलों में पीड़ित काफी सतर्क होने के बाद भी ठगी का शिकार हो गए। पीड़ित को डीमेट एकाउंट के बदले ओटीसी एकाउंट से ट्रेडिंग की सलाह दी गई। दूसरे पीड़ित ने पहले छोटे-छोटे निवेश कर पैसा निकाला और कई बार में 45 हजार रुपये ले भी लिए लेकिन विश्वास जमने के बाद शातिरों ने बड़ा निवेश कराया और फिर अपना असली रूप दिखा दिया। वसुंधरा के सेक्टर-16ए निवासी हरिगोविंद रावत के मोबाइल पर 10 दिसंबर को अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने उन्हें शेयर ट्रेडिंग में निवेश पर 50 प्रतिशत तक के मुनाफे का लालच दिया। अपनी बातों में फंसाकर हरगोविंद रावत को एक व्हाट्सएप ग्रुप में शामिल कर लिया गया। उन्हें एक लिंक भेजकर ग्रुप में जोड़ा गया था, जहां पहले से 130 सदस्य मौजूद थे। इस ग्रुप पर प्रोफेसर सेथुरत्नम रवि वीडियो के जरिए शेयर ट्रेडिंग और आईपीओ में निवेश करने और मुनाफा कमाने का प्रशिक्षण देते थे। इसके बाद उनसे विभिन्न बैंक खातों में निवेश के नाम पर धनराशि ट्रांसफर करने के लिए कहा गया। हरगोविंद रावत ने ग्रुप एडमिन से संस्थागत शेयर खरीदने के लिए जरूरी डीमेट एकाउंट पर सवाल किया।

## फातिमा शेख और सावित्रीबाई फुले ने महिलाओं और उत्पीड़ित जातियों के लोगों को शिक्षा देना जारी रखा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर।** विनोद गौतम पूर्व सभासद ने कहा कि उस्मान शेख ने फुले दम्पत्ति को अपने घर की पेशकश की और परिसर में एक स्कूल चलाने पर सहमति व्यक्त की। 1848 में, उस्मान शेख और उसकी बहन फातिमा शेख के घर में एक स्कूल खोला गया था। फातिमा और सावित्रीबाई फुले ने मिलकर समाज ने शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए काम किया। यह फातिमा शेख थी जिन्होंने हर संभव तरीके से सावित्रीबाई का दृढ़ता से समर्थन किया ।फातिमा शेख ,सावित्रीबाई और फातिमा सागुनाबाई के साथ तीनों ने किसान स्कूल भी चलाया। राष्ट्र माता मुस्लिम प्रथम शिक्षिका का परिनिर्वाण 9 अक्टूबर 1900 में हो गया। देश की महिलाओं के शिक्षा की देवी के रूप में अमर हो गई। आज भी राष्ट्र माता, शिक्षा की देवी, मुस्लिम महिला प्रथम शिक्षिका हमारे जीवन में एक आदर्श रूप में एक ऊंचा स्थान हमेशा रहेगा।



## 19 मंडल अध्यक्षों में तीन अध्यक्ष रिपीट

**गाजियाबाद।** लखनऊ से मंडल अध्यक्षों की घोषणा हो चुकी है। गाजियाबाद के 20 में से 19 मंडल अध्यक्ष घोषित कर दिए गए हैं। गोविंदपुरम मंडल अध्यक्ष के नाम की घोषणा अभी होना बाकी है। गोविंदपुरम को फिलहाल होल्ड पर रखा गया है। इस बार तीन मंडल अध्यक्षों को आला कमान ने दोबारा मौका दिया है। इनमें कविनगर से राहुल तोमर, क्रॉसिंग रिपब्लिक स धर्मेंद्र और शहर मंडल से महिम गुप्ता का नाम है। खैर, महानगर अध्यक्ष के पद को लेकर भाजपाईयों में जद्दोजहद का क्रम जारी है।

## पुत्रवधू, उसके माता-पिता समेत पांच के खिलाफ एफआईआर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाले व्यक्ति ने पुत्रवधू, उसके माता-पिता तथा दो अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ितों के मुताबिक आरोपियों ने मैनगेट और घर के बाहर खड़े वाहनों को तोडे का प्रयास किया। पुलिस बुलाने पर आरोपी फरार हो गए। मधुबन बापूधाम पुलिस का कहना है कि केस दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है। स्वर्ण जयंतीपुरम में रहने वाले लोकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि उनके बेटे शशांक गुप्ता का अमरोहा परिवार न्यायालय में आपसी सहमति से तलाक का केस चल रहा है। 25 नवंबर को कोर्ट में तारीख थी, जिसमें बेटा शशांक ने कोर्ट जाकर हाजिरी दर्ज कराई थी। उसी दिस शाम करीब साढ़े छह बजे उनकी पुत्रवधू आशी गुप्ता, उसकी मां सीमा गुप्ता, पिता बिजेंद्र गुप्ता और दो अज्ञात व्यक्ति उनके घर के बाहर आ धमके और रात पौने 11 बजे तक बैठे रहे। लोकेश कुमार गुप्ता का कहना है कि शाम के वक्त परिवार के लोग काम से बाहर गए हुए थे।

## कोई भी कार्य जज्बा

# जोश और उत्साह के साथ करते हुए पूर्ण करना चाहिए : जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक का आयोजन दुर्गावति देवी सभागार, विकास भवन में किया गया। जिसमे स्वास्थय विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी एवं कार्यों में सुधार के आदेश दिए गए। ओ.पी.डी. में विगत वर्ष के सापेक्ष 95350 की वृद्धि हुई एवं आई.पी.डी. विगत वर्ष के सापेक्ष 18431 वृद्धि हुई है साथ ही प्रति डॉक्टर प्रति दिवस ओपीडी की संख्या 62.7 है जो नवम्बर माह तक सिर्फ 52 ओपीडी प्रति चिकित्सक प्रतिदिन थी। आशाओं के द्वारा बनाये गए आभा आई.डी. का औसत प्रति आशा 824 है।ई-संजीवनी कार्यक्रम में प्रति सीएचओ प्रतिदिन किये जाने वाले टेली कंसल्टेशन का औसत राज्य स्तर से दिए गए लक्ष्य 5 के सापेक्ष 5.47 है। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम में एएनसी पंजीकरण में अब तक 92461(139.14 प्रतिशत) का पंजीकरण हुआ है जिसमें से 84.60 प्रतिशत महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीकरण हुआ है एवं कुल पंजीकृत महिला में से 5572 गर्भवती महिला को उच्च जोखिम वाली गर्भवती की पहचान करते हुए विशेष ध्यान देते हुए इनका उपचार करते हुए इन्हें संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार 62549(87.07 प्रतिशत) महिलाओं का राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में सुरक्षित संस्थागत प्रसव हुआ है जिसमें से राजकीय चिकित्सालय में 14289 प्रसव हुए है जिसमें से 13267 लाभार्थियों(92.8 प्रतिशत) को जेएसवाई प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। उक्त समस्त राजकीय प्रसव के लाभर्थियो की ऑनलाइन प्रविष्टि मंत्रा एप्प में संपन्न कर दी गयी है। जनपद में अप्रैल से अब तक 23 मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग हुई है जिसमें से समस्त की समीक्षा विभाग द्वारा संपन्न कर ली गयी है। अप्रैल से अब तक 116 प्रतिशत बच्चों को एमआर-1 की खुराक से लाभान्वित किया गया है। महिला नसबंदी में अब तक कुल 2140 (96.5 प्रतिशत) संपन्न की गयी है। साथ ही वर्तमान में संचालित हो रहे टी.बी. अभियान की भौतिक एवं वितीय स्थिति की विशेष समीक्षा की गयी। उक्त समस्त बिन्दुओ की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष महोदय के द्वारा विभिन्न राष्ट्रिय कार्यक्रमों में जन मानस की सहभागिता के लिए विभिन्न विभागों के साथ उचित समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए साथ ही लाभार्थीपरक राजकीय योजनाओं में लाभर्थियों को प्रोत्साहन राशि का भुगतान ससमय करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर एक बुकलेट स्वास्थ्य संदेश का विमोचन किया गया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया।

जिलाधिकारी ने इस मौके पर कहा कि गांव-गांव घर-घर जाकर टीवी मुक्त अभियान चलाते हुए हर घर-हर गांव व जनपद को टीवी मुक्त बनाया जाये। हमें कोई भी कार्य जज्बा, जोश और उत्साह के साथ करते हुए पूर्ण करना चाहिए। उन्होने मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अखिलेश मोहन को निर्देशित किया कि उत्कर्ष्ट कार्य करने वालों को पुरस्कृत किया जाएं व कार्य के प्रति असंवेदनशीलता बरतने वालों के खिलाफ कार्यवाही की जाएं।

# रेल मंत्रालय द्वारा अवैध दवा कारोबार को बढ़ावा दिए जाने पर एआईओसीडी हैरान

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (एआईओसीडी), जो देशभर के 12.40 लाख से अधिक केमिस्टों का प्रतिनिधित्व करता है, और देश के फार्मास्युटिकल क्षेत्र की रीढ़ के रूप में कार्य करता है। एआईओसीडी के 65 लाख से अधिक सदस्य परिवार और अधीनस्थ सामूहिक रूप से 5 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को प्रभावित करते हैं। हमारी संस्था का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को दवाओं की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करना है, और हम इसके लिए सरकारी दिशानिर्देशों का पालन करते हुए अथक सेवा प्रदान कर रहे हैं। हमें यह जानकर गहरी निराशा हुई कि रेलटेल कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया ने उपभोक्ताओं के घर-घर दवाइयाँ पहुंचाने के लिए अवैध ऑनलाइन फामेर्सी प्लेटफॉर्म से बोलियां (बिड्स) आमंत्रित करने का प्रस्ताव दिया है। एआईओसीडी के अध्यक्ष जे एस शिंदे और महासचिव राजीव सिंघल ने बताया कि देश में ई-फार्मेसियों का संचालन अवैध है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने अपने डब्लू.पी (सी)11711/2018 - डॉ. जहीर अहमद बनाम भारत संघ और डब्लू.पी (सी) 10611/2018- साउथ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन बनाम भारत सरकार में 12.12.2018 के आदेश के तहत ऑनलाइन फार्मेसियों के संचालन पर निषेधाज्ञा लगाई है। यह आदेश आज भी लागू है। इसके अलावा, केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने अपने शपथ पत्र में स्पष्ट रूप से यह स्वीकार किया है कि भारत में वर्तमान में ऑनलाइन फार्मेसियों के लिए किसी भी प्रकार का प्रावधान ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 या उसके नियमों के तहत नहीं है। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के अनुसार, दवाओं का वितरण केवल लाइसेंस प्राप्त परिसर के भीतर ही किया जा सकता है। कोविड-19 महामारी के दौरान, सरकार ने असाधारण परिस्थितियों में कुछ शर्तों के तहत दवाओं की डोर-डिलीवरी की अनुमति दी थी, लेकिन यह अधिसूचना केवल स्थानीय और पंजीकृत $फामेर्सी पर लागू होती है, न कि किसी भी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर संस्था ने सरकार से इसकी अधिसूचना निरस्त करने की भी मांग की हैं। ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट की धारा 65 के तहत प्रिस्क्रिप्शन पर प्रिस्क्राइबर के हस्ताक्षर, विक्रेता का नाम और पते के साथ वितरण की तारीख का उल्लेख करना अनिवार्य है। यह शर्तें ऑनलाइन फामेर्सी प्लेटफॉर्म के संचालन को स्पष्ट रूप से अवैध बनाती हैं। गाजियाबाद केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजदेव त्यागी का कहना है कि भारत के सर्वोच्च न्यायालय के यह निर्देश बाध्यकारी हैं और संविधान के अनुच्छेद 141 के अनुसार अनिवार्य हैं जो स्व-व्याख्यात्मक है। इसे ध्यान में रखते हुए जनरल स्टोर और किराने की दुकानों के माध्यम से ओटीसी दवाओं की बिक्री की अनुमति देना उक्त आदेश और ऐसे कई अन्य आदेशों का घोर उल्लंघन है। हाल के दिनों में कैंसर रोधी दवाओं सहित विभिन्न नियामकों द्वारा नकली दवाओं के कई मामलों का खुलासा किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि दवा, जनरल स्टोर और किराने की दुकानों में उपलब्ध होगी तो असामाजिक तत्वों के लिए दवा की आपूर्ति करने के खुले अवसर होंगे क्योंकि खरीदार फार्मा क्षेत्र के एक्सपर्ट नहीं हैं। यह स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के लिए एक बहुत ही गंभीर और चिंताजनक खतरा है।

# एकलव्य के निशानेबाजों ने नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप में किया गाजियाबाद का नाम रोशन



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल के होनहार निशानेबाजों ने 13 दिसंबर 2024 से 6 जनवरी 2025 तक दिल्ली स्थित डॉ कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में आयोजित हुई 67 वीं नैशनल शूटिंग चैंपियनशिप में प्रतिभाग किया था।

एकलव्य शूटिंग एकेडमी भागीरथ पब्लिक स्कूल के होनहार निशानेबाज पवन यादव ने पॉइंट 32 बोर सेंटर फायर पिस्टल 25 मीटर आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 567/600 स्कोर बनाकर सिल्वर मेडल जीता है। इसके साथ ही पवन ने .22 बोर 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया और पिस्टल आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर गोल्ड मेडल हासिल किया। 22 बोर 25 मीटर रेपिड फायर आईएसएसएफ सीनियर पुरुष वर्ग में 554/600 का स्कोर बनाकर सिल्वर मेडल हासिल किया। वाजिद ने 502/ 600 का स्कोर बनाकर . 22 बोर फ्री पिस्टल 50 मीटर जूनियर मैन आईएसएसफ वर्ग में नेशनल रेनाउन स्कोर हासिल किया और 10 मीटर एयर पिस्टल जूनियर मेन वर्ग मे 561/600 स्कोर हासिल कर इंडिया शूटिंग टीम ट्रायल के लिए क्वालीफाई किया।

### जिला राइफल शूटिंग क्लब के निर्माण की फिर उठी मांग

शूटिंग कोच रहीस मलिक के एक बार फिर जिला प्रशासन से निवाड़ी, मोदीनगर में स्थित जिला राइफल शूटिंग क्लब को चालू करने की मांग उठाई है। उन्होंने कहा कि बजट पास हो जाने और पैसा मिल जाने के बावजूद वहां अभी तक कोई भी कार्य नहीं कराया गया है। गाजियाबाद के खिलाडियों को अभ्यास करने के लिए हरियाणा या दिल्ली में जाकर अभ्यास करना पड़ता है और अभ्यास के लिए जरूरत से ज्यादा समय और भारी फीस चुकानी पड़ती है। अगर गाजियाबाद प्रशासन द्वारा गाजियाबाद के अंदर शूटिंग रेंज को चालू करा दिया जाए तो गाजियाबाद जनपद के खिलाडियों को बाहर जाकर अभ्यास करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

# क्राइम ब्रांच ने दबोचे तीन शातिर वाहन चोर

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में दुपहिया वाहन चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के तीन शातिर वाहन चोरों को क्राइम ब्रांच की टीम ने गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की 18 बाइक और दो स्कूटी बरामद किया है। पकड़े आरोपी पहले मजदूरी करते थे। उसके बाद महंगे शौक को पूरा करने के लिए वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देने लगे। पकड़े गए आरोपी पिछले करीब दो वर्षों से लगातार वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। जो कि 100 से अधिक वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देते चुके है। अलीगढ़ के नौगांवा निवासी विजय यादव 10वीं तक पढ़ाई करने के बाद नोएडा आ गया था। उसने सेक्टर-63 की एक एक्सपोर्ट कंपनी में मजदूरी शुरू कर दी, लेकिन नोएडा की चकाचौंध में वह ज्यादा दिन मजदूरी नहीं कर सका। शातिर वाहन चोरों के संपर्क में आकर उसने भी वाहन चोरी शुरू कर दी। वाहन चोरी से उसने खूब पैसा कमाया और फिर अपना गिरोह खड़ा कर लिया। विजय का गिरोह नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़ और हापुड़ के अलावा दिल्ली में भी वारदातों को अंजाम देने लगा, लेकिन अंजाम अच्छा नहीं हुआ। एडीसीपी (क्राइम) सच्चिदानंद ने बताया कि क्राइम ब्रांच ने विजय यादव, पिंटू सोलंकी और सोनू को क्राइम ब्रांच प्रभारी अब्दुर रहमान सिद्दीकी की टीम ने बुधवार को कवि नगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है। जिनके कब्जे से चोरी की 21 दो पहिया वाहन बरामद किए हैं। इनमें 19 बाइक और दो स्कूटी हैं। नोएडा में विजय यादव का संपर्क लोनी निवासी कृष्णा और राजा से हो गया। दोनों शातिर वाहन चोर थे। उनकी शान शौकत देखकर विजय यादव ने भी बाइक चोरी करने का काम शुरू कर दिया। एक बाइक चोरी करके देने पर विजय यादव को एक हजार रुपये मिलते थे। कुछ दिन तक तो सब कुछ ठीक ठाक चलता रहा लेकिन पुलिस पीछे पड़ी और कृष्णा व राजा गिरफ्तार हो गए। पुलिस से बचने के लिए विजय यादव अपने गांव भाग गया, हालांकि मई, 2022 में विजय यादव को हापुड़ देहात कोतवाली से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। जेल से जमानत पर बाहर आने के बाद उसने पिंटू सोलंकी, राहुल, अभिषेक और सोनू को मिलाकर अपने गिरोह बना लिया। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि विजय यादव, कासगंज निवासी पिंटू सोलंकी और राहुल गाजियाबाद, नोएडा और दिल्ली से वाहन चोरी करते थे और अलीगढ़ में सोनू मैकेनिक और अभिषेक को अलीगढ़ में देते थे। वो दोनों चोरी की एक लाख रुपये की बाइक को आठ से 10 हजार रुपये में बेच देते थे। पुलिस के हत्थे चढ़ा सोनू भी अलीगढ़ जनपद का ही रहने वाला है। वह मकैनिक का काम करता था और देहात क्षेत्र के लोगों को चोरी के वाहन बेच देता था। पांचवीं पास सोनू ने बताया कि अलीगढ़ के नौंगांव में उसकी बाइक रिपेयर की दुकान पर तीन- चार पहले विजय यादव से मुलाकात हुई थी, तभी से वह विजय यादव की चोरी की बाइक और स्कूटी बेचता था। वह रिपेयरिंग के लिए आने वाले वाहनों चोरी के वाहनों के पार्ट्स भी इस्तेमाल कर लेता था। एडीसीपी सच्चिदानंद ने बताया कि पिंटू सोलंकी ने नौवीं तक पढ़ाई करने के बाद स्विगी के लिए डिलीवरी व्वॉय का काम करना शुरू कर दिया था।

## सर्द रात में कुंए में जा गिरा बेजुबान, फायर यूनिट ने किया रेस्क्यू

**गाजियाबाद।** पुलिस केवल अपराधियों की धरपकड़ के लिए ही काम नहीं करती, बल्कि और भी तमाम काम करते हुए लोगों के साथ ही ही बेजुबानों की सुरक्षा के लिए भी दिन रात दौड़ती है।

सर्दी भरी रात में हम सब घरों में आराम से सो रहे थे तो मोदीनगर फायर यूनिट और मसूरी थाना पुलिस एक बेजुबान को कुंए से निकालने के लिए मशक्कत कर रही थी। एक तो एक बानगी है, पुलिस आए दिन ऐसे काम करती है।

मुख्य अग्निशमन अधिकारी (सीएफओ) राहुल पाल ने बताया कि मंगलवार देर रात करीब आठ बजे फायर स्टेशन मोदीनगर को एक सांड के कुंए में गिरने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पाकर तत्काल फायर यूनिट मौके के लिए रवाना की गई। मसूरी थानाक्षेत्र अंतर्गत नूरपुर गांव में टीम मौके पर पहुंची। सांड गहरे कुंए में फंसा हुआ था। तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। हाईड्रा की मदद और मसूरी थाना पुलिस के सहयोग से फायर यूनिट ने सांड को सुरक्षित बाहर निकाला।

# वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे हुए हादसे में दूसरी महिला की उपचार के दौरान मौत

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** लिंक रोड थानाक्षेत्र में 5 जनवरी की सुबह हुए हादसे में घायल दूसरी महिला ने भी दम तोड़ दिया। यह हादसा वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे प्रधानमंत्री के कार्यक्रम वाले दिन तड़के चार बजे हुए हुआ था।

कार्यक्रम स्थल कुछ ही मीटर की दूरी पर स्विफ्ट और टाटा नेक्सॉन की जोरदार टक्कर होने के कारण हादसे में छह साल के मासूम समेत कुल छह लोग घायल हुए थे और रश्मि नाम की महिला की मौत हो गई थी। हादसे में गंभीर रूप से घायल हुई 40 वर्षीय निशा त्रिपाठी की भी दो दिन के उपचार के बाद मौत हो गई। स्विफ्ट कार चालक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी टाटा नेक्सॉन चालक को गिरफ्तार कर लिया था। एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय ने बताया कि निशा त्रिपाठी एकाउंटेंट थीं और एक निजी कंपनी में नौकरी करती थीं। वह परिवार के साथ बृज विहार के सी ब्लॉक में रहती थीं। 5 जनवरी को निशा अपने पति राजेंद्र त्रिपाठी, भाई विनीत और भाभी रश्मि अवस्थी के साथ स्विफ्ट कार में सवार होकर कानपुर से लौट रही थीं। लिंक रोड पर वसुंधरा फ्लाईओवर के नीचे से निकलते समय वैशाली की ओर से आ रही टाटा नेक्सॉन कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में निशा की भाभी रश्मि की मौके पर ही मौत हो गई थी जबकि निशा और उनकी बेटी मान्या गंभीर रूप से घायल हो गई थीं।

# डीएम गाजियाबाद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक हुई



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी गाजियाबाद की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की शासी निकाय की बैठक का आयोजन दुर्गावति देवी सभागार, विकास भवन में किया गया जिसमे स्वास्थय विभाग से सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रतिभाग किया गया एवं विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गयी एवं कार्यों में सुधार के आदेश दिए गए।

ओ.पी.डी. में विगत वर्ष के सापेक्ष 95350 की वृद्धि हुई एवं आई.पी.डी. विगत वर्ष के सापेक्ष 18431 वृद्धि हुई है साथ ही प्रति डॉक्टर प्रति दिवस ओपीडी की संख्या 62.7 है जो नवम्बर माह तक सिर्फ 52 ओपीडी प्रति चिकित्सक प्रतिदिन थी। आशाओं के द्वारा बनाये गए आभा आई.डी. का औसत प्रति आशा 824 है। ई–संजीवनी कार्यक्रम में प्रति सीएचओ प्रतिदिन किये जाने वाले टेली कंसल्टेशन का औसत राज्य स्तर से दिए गए लक्ष्य 5 के सापेक्ष 5.47 है। मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम में एएनसी पंजीकरण में अब तक 92461(139.14%) का पंजीकरण हुआ है जिसमें से 84.60 प्रतिशत महिलाओं का प्रथम तिमाही में पंजीकरण हुआ है एवं कुल पंजीकृत महिला में से 5572 गर्भवती महिला को उच्च जोखिम वाली गर्भवती की पहचान करते हुए विशेष ध्यान देते हुए इनका उपचार करते हुए इन्हें संस्थागत प्रसव हेतु प्रेरित किया गया। इसी प्रकार 62549(87.07%) महिलाओं का राजकीय एवं निजी चिकित्सालयों में सुरक्षित संस्थागत प्रसव हुआ है जिसमें से राजकीय चिकित्सालय में 14289 प्रसव हुए है जिसमें से 13267 लाभार्थियों(92.8 %) को जेएसवाई प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया गया। उक्त समस्त राजकीय प्रसव के लाभर्थियो की ऑनलाइन प्रविष्टि मंत्रा एप्प में संपन्न कर दी गयी है। जनपद में अप्रैल से अब तक 23 मातृ मृत्यु की रिपोर्टिंग हुई है जिसमें से समस्त की समीक्षा विभाग द्वारा संपन्न कर ली गयी है।

# एमएसएमई को नहीं होने दिया जायेगा परेशान, जीएसटी के मुद्दों पर आईआईए के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने प्रमुख सचिव से की मुलाकात



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आईआईए) के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज सिंघल ने जीएसटी के मुद्दों पर प्रदेश शासन में प्रमुख सचिव, राज्य कर विभाग (आईएएस) एम. देवराज से साथ विशेष भेंटवार्ता की। इस भेंटवार्ता के दौरान आईआईए महासचिव आलोक अग्रवाल एवं राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अवधेश कुमार अग्रवाल भी उपस्थित रहे। जिसमें उद्यमियों को जीएसटी से संबंधित हो रही निम्नलिखित समस्याओं को रखा गया। जीएसटी विभाग द्वारा निर्धारित प्राप्ति की मोबाइल स्क्वाड टीम द्वारा लक्ष्य की प्राप्ति की मानसिकता की समस्या विषयक। टैक्स क्रेडिट के बेमेल मुद्दों की समस्या विषयक। सिस्टम से स्वचालित जारी नोटिस की समस्या विषयक। ऑनलाइन जानकारी प्रदान करने का सीमित विकल्प होने की समस्या विषयक, जिससे विभाग में व्यक्तिगत दौरा सुनिश्चित हो सके। एकसमान तथ्यों के लिए विभिन्न जीएसटी विभागों द्वारा एकसमान अवधि के नोटिस जारी किए जाने की समस्या विषयक। प्रमुख सचिव, राज्य कर विभाग एम देवराज ने आईआईए के उपरोक्त मुद्दों की गंभीरता को समझते हुए विभागीय कार्यवाही के लिए प्रत्यावेदन को अग्रेसित करते कहा कि जीएसटी विभाग का प्रदेश के किसी भी उद्यमी को प्रताड़ित करने की मंशा नहीं है।